# राष्ट्रीय सेवा योजना

## वार्षिक रपट : 2016-2017

सम्बद्ध-दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर



राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) द्वारा श्रेणी 'बी' प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज


जंगल धूसड़, गोरखपुर-273014 (उ.प्र.)

Web : www.mpm.edu.in • E-mail:mpmpg5@gmail.com

Ph. : 0551-2105416, 6827552, 09794299451


राष्ट्रीय सेवा योजना




समावर्तन


समावर्तन





शिक्षा का उद्देश्य केवल पढ़ा–लिखा मनुष्य बनाना नहीं है, बल्कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ऐसे व्यक्तित्त्व का निर्माण करना है जो संवेदनशील हो, सामाजिक एवं नैतिक दायित्व को समझता हो, जीवन की वास्तविकताओं को समझकर उसके अनुसार आचरण की प्रवृत्ति को विकसित करते हुए श्रेष्ठ नागरिक बनने की ओर अग्रसर हो। भारत की पूरी की पूरी चिंतन परम्परा इसी बात का उद्घोष करती है। इन्हीं मूल्यों को ध्यान में रखकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रथम अध्यक्ष डॉ. राधाकृष्णन ने यह सिफारिश की थी कि शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र–छात्राओं को केन्द्र में रखकर राष्ट्रीय सेवा को प्रारम्भ किया जायें, जिससे विद्यार्थियों और प्राध्यापकों की बीच सामंजस्य स्थापित हो। साथ ही शिक्षण संस्थान और समाज परस्पर रचनात्मक कार्य करे।

राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल लक्ष्य ही समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों में ऐसी चिन्तन दृष्टि का भाव पैदा करना है जिसमें अपने समाज को आत्मीयता के साथ समझें, समाज की आवश्यकताओं का अनुभव करें, उनकी कठिनाइयों को नजदीक से देखें और यथा सम्भव समाधान करने का प्रयास करें और सबसे महत्त्वपूर्ण स्वयं में सामाजिक नागरिक दायित्व बोध की भावना का विकास के भगीरथ प्रयास का माध्यम यह मंच बनें।

युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास और राष्ट्र निर्माण में उनकी सीधी भागीदारी का राष्ट्रीय सेवा योजना एक सशक्त माध्यम है। आज भारत दुनिया का युवाओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अग्रणी देश है। विश्व के तमाम देश अत्यन्त पीछे होने के बावजूद आज विकसित देश की श्रेणी में खड़े हैं, जबकि भारत की गौरवशाली मेधा और क्षमता रहने बाद भी आज वह इस क्रमांक पर नहीं है, इसका सबसे बड़ा कारण युवाओं की राष्ट्र निर्माण सहभागिता का कम होना ही है। राष्ट्रीय सेवा योजना इसी चुनौती का समाधाना है। महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज अपने इन्हीं युवाओं के बल पर न केवल अभिगृहित गाँव बल्कि सांसद आदर्श गाँव में सत्र 2015–16 में जंगल औराही तथा सत्र 2016–17 में डाँगीपार में सम्पूर्ण साक्षरता का पुनीत कार्य करने में सफल हुआ है। महाविद्यालय के आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, स्वच्छता, साक्षरता, महिलाओं में आर्थिक स्वावलम्बन एवं कम्प्यूटर शिक्षा के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना अपने विजन और मिशन की तरफ पूरी निष्ठा के साथ अग्रसर है। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना परिवार को उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना के साथ सत्र 2016–17 की वार्षिक रपट प्रस्तुत है।

**यशवन्त कुमार राव**
कार्यक्रम अधिकारी

**अविनाश प्रताप सिंह**
वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी

नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़ - गोरखपुर
फोन नं. : 0551–6827552, 2105416
मो. : 9794299451
Website : www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

## राष्ट्रीय सेवा योजना - कार्यक्रम अधिकारी

| क्र.सं. | कार्यक्रम अधिकारी का नाम | नियुक्ति तिथि | कार्यभार ग्रहण करने की तिथि | दूरभाष नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. अविनाश प्रताप सिंह (गुरू श्रीगोरक्षनाथ इकाई) | 17.12.2015 | 17.12.2015 | 9450489652 |
| 2. | डॉ. यशवन्त कुमार राव (हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप इकाई) | 17.12.2015 | 17.12.2015 | 9198540757 |

प्रदीप कुमार राव
प्राचार्य

# स्वामी विवेकानन्द पुण्य तिथि समारोह



**4 जुलाई 2016** को भारत के युवा संन्यासी स्वामी विवेकानन्द जी की पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित समारोह को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने 'स्वामी विवेकानन्द और आज का भारत' विषय पर विचार प्रस्तुत करते हुए  कहा कि स्वामी जी का पूरा जीवन अपनी मातृभूमि और मानवता की रक्षा में समर्पित रहा है। स्वामी विवेकानन्द प्रकाश पुत्र की भाँति आज भी प्रकाशित है। भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक एवं भारत माता को देवी मानकर पूजा करने वाले अद्वितीय साधक थे। उन्होने कहा कि स्वामी जी का जीवन भारत के युवाओं के लिए एक आदर्श है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द के जीवन से प्रेरणा लेकर मानवता की रक्षा करते हुए राष्ट्र की सेवा पूरी श्रद्धा एवं समर्पण भावना से करनी चाहिए। आज के युवाओं अपनी असीम उर्जा और क्षमता का उपयोग भारत को समृद्ध बनाने में कर सकते है। स्वामी जी ने युवाओं में राष्ट्र प्रेम की जो अलख जगाई वह आज भी भारत के हृदय में जीवित है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने किया। इस अवसर पर स्वयं सेवक रवि प्रताप नागवंशी, आशीष उपाध्याय, अवनीश प्रजापति तथा स्वयं सेविका सुश्री प्रियंका गुप्ता, सविता प्रजापति ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. आर.एन. सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. प्रवीन्द्र कुमार शाही, श्रीमती कविता मान्ध्यान, डॉ. शक्ति सिंह, डॉ. आरती सिंह, श्री प्रज्ञेश मिश्र, श्री नन्दन शर्मा तथा मुख्य नियंता डॉ. मृत्युंजय सिंह उपस्थित रहें।

# चन्द्रशेखर आजाद जयन्ती समारोह



**23 जुलाई 2016** को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती पर समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महन्द्रे प्रताप सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि चन्द्रशेखर आजाद विपरित परिस्थिति में हार न मानने वाले सेनानी थे। आजाद का पूरा जीवन देश की रक्षा करते हुए अंग्रेजी सरकार को चुनौती देने और भारत माता को स्वतंत्र कराने में अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह कहा कि आज के सामाजिक एव राजनीतिक परिवेश में युवाओं को सामाजिक दायित्व बोध कराने में आजाद का जीवन चरित्र न केवल मूल्यवान है बल्कि राष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान का प्रबल माध्यम है। इस अवसर पर स्वयंसेवक राघवेन्द्र यादव, ज्ञान प्रताप सिंह, अश्वनी प्रजापति तथा स्वयंसेविका बन्दना, रंजना निषाद तथा करिश्मा सिंह ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में दोनो इकाईयों–हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप तथा गुरू श्री गोरक्षनाथ ईकाई के स्वयंसेवक एवं सेविकाएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. अरूण कुमार राव, डॉ. शिवकुमार वर्नवाल, डॉ. राम सहाय, श्री सुबोध कुमार, डॉ. अपर्णा मिश्रा, श्रीमती पुष्पा निषाद, डॉ. राजेश शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

# पौधरोपण एवं व्याख्यान कार्यक्रम


हिन्दुस्तान • गोरखपुर • रविवार • 31 जुलाई 2016

## प्रकृति ही है मानव जीवन का नियंत्रक : प्राचार्य

गोरखपुर | निज संवाददाता

प्रकृति मानव जीवन का नियंत्रक है। इसलिए उसका संतुलित व व्यवस्थित होना जरूरी है। पूरा विश्व पर्यावरणीय संकट की चुनौतियों से जूझ रहा है। हर विद्यार्थी अपने घर व गांव में अधिक से अधिक पौधे लगाए और उसे सुरक्षित रखने का उपाए करें।

उक्त बातें महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहीं। वह शनिवार को कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना और छात्रसंघ के तत्वाधान में पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों और शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि प्राकृतिक असंतुलन का मुख्य कारण लगातार अनियोजित नगरीकरण और अंधाधुंध वृक्षों की कटाई है।

इस अवसर पर छात्रसंघ के महामंत्री सतीश कुमार पाण्डेय, अनुपम विश्वास, आशीष राय, डॉ. यशवंत कुमार राव, डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. आरपन सिंह, डॉ. शिवकुमार बर्नवाल, डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह आदि मौजूद रहे।

**30 जुलाई 2016** को राष्ट्रीय सेवा के तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर तथा योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम में पौधारोपण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नीम, पीपल, अशोक, सागौन तथा शीशम के पौधे लगाये गये। पौधरोपण के पश्चात् 'पर्यावरण संरक्षण' विषय पर एक विचार गोष्ठी भी आयोजित की गयी। गोष्ठी मुख्य अतिथि महाविद्यायल के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि पौधारोपण किसी धार्मिक अनुष्ठान से कम नहीं है। प्रकृति ही मानव जीवन की नियंत्रक है। आज पूरा विश्व पर्यावरण संकट से जुझ रहा है। हरे पेड़ों के कटान से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रहा है। यदि पर्यावरण को स्वस्थ एवं संतुलित रखना है तो प्रत्येक विद्यार्थी अपने घर तथा गाँव में अधिक से अधिक पौधे लगाये और उसे सुरक्षित रखने का उपाय करे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि प्राकृतिक असंतुलन का सबसे बड़ा कारण लगातार अनियोजित नगरीकरण और अंधाधुंध वृक्षों की कटाई है। प्रत्येक जागरूक छात्र तथा नागरिक को न केवल पौधरोपण कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहिए बल्कि समाज में इसके लिए उत्प्रेरक के रूप मे कार्य करना चाहिए। पौधारोपण के इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा अपने–अपने विचार भी प्रस्तुत किये। इस अवसर पर छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार शुक्ल, महामंत्री सतीश कुमार पाण्डेय, अनुपम, आशीष राय, डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी, डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह, डॉ. शिवकुमार बर्नवाल, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. यशवंत कुमार राव तथा मुख्य नियंता डॉ. मृत्युजंय सिंह भी उपस्थित रहे।





पौधरोपण करते स्वयंसवेक एवं स्वयंसेविकायें

सहारा 31 जुलाई • 2016

## 'पौधरोपण किसी धार्मिक अनुष्ठान से कम नहीं'

गोरखपुर। प्रकृति मानव जीवन की नियामक है। इसलिए उसका संतुलित एवं व्यवस्थित होना अपरिहार्य है। प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग ने मानव-जीवन के अस्तित्व का ही संकट खड़ा कर दिया है। आज पूरा विश्व पर्यावरणीय संकट की चुनौतियों से जूझ रहा है। वृक्ष ही जीवन को आधार प्रदान कर सकते हैं और वृक्ष ही जीवन दायनी है।

यह बातें महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना और छात्रसंघ के तत्वावधान में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों, छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने घर-गांव में अधिक से अधिक ऐसे उपयोगी पौधे को लगाना और उसे सुरक्षित रखना चाहिए। यह किसी धार्मिक अनुष्ठान से कम नहीं है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि प्राकृतिक असंतुलन का मुख्य कारण लगातार अनियोजित नगरीकरण और अंधाधुंध वृक्षों की कटाई है। प्रत्येक जागरूक व्यक्ति को न केवल पौधरोपण कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहिए बल्कि समाज में [illegible] उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना चाहिए।

दैनिक जागरण गोरखपुर, 31 जुलाई 2016

# पौधरोपण अभियान ने पकड़ा जोर



मोहद्दीपुर विद्युत उपकेंद्र पर पौधरोपण करते अधीक्षण अभियंता आरके सिन्हा व अन्य।



पौधरोपण करती किसान इंटर कालेज की छात्राएं।



पौधरोपण करते राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्र।



मालवीय शिक्षा निकेतन इंजी. कालेज में पौधरोपण करते प्रधानाचार्य गोविंद सिंह व बच्चे।

- लोग पौधरोपण के साथ दूसरों को भी कर रहे प्रेरित
- शिक्षण संस्थानों से लेकर अन्य कार्यालयों में भी लगे पौधे

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दैनिक जागरण के अभियान 'मिशन-एक करोड़ पौधे, पौधे लगाएं-पौधे अपनाएं' ने जोर पकड़ लिया है। शहर से लेकर गांव तक लोग पौधरोपण के प्रति संवेदनशील हो रहे हैं। संस्थाओं के अलावा व्यक्तिगत स्तर पर भी लोग पौधरोपण कर रहे हैं तथा दूसरों को प्रेरित भी कर रहे हैं।

दैनिक जागरण, एनवायरमेंटल एक्शन ग्रुप व वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चार स्कूलों में सौ-सौ पौधे लगाए गए। राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कालेज सिधुपुर में अधीक्षक सिद्धू, प्रधानाचार्य बाबू राम चौधरी, मीनाधापा इंटर कालेज, ज्ञानी में प्रधानाचार्य डा.रामलाल विश्वकर्मा, किसान इंटर कालेज, जंगल कौड़िया में प्रधानाचार्य दिग्विजयनाथ त्रिपाठी व एनई रेलवे गर्ल्स इंटर कालेज में अध्यापक नीलिमा अग्रवाल, रामभानु व राजेश श्रीवास्तव ने पौधरोपण की शुरुआत की। पौधरोपण में छात्र-छात्राओं का सक्रिय योगदान रहा।

अभियान का नेतृत्व विनोद द्विवेदी व अक्षय कुमार ने किया। 132 केवी विद्युत उपकेंद्र मोहद्दीपुर में अधीक्षण अभियंता आरके सिन्हा, अधिशासी अभियंता मदन सिंह, अधिशासी अभियंता मिथिलेश कुमार ओझा, एसडीओ मोहद्दीपुर ई.अजीत प्रताप त्रिपाठी व कर्मचारियों ने परिसर में कुल 15 पौधे लगाए।

महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना व छात्रसंघ के तत्वावधान में कुल 51 पौधे लगाए गए। पौधरोपण की शुरुआत प्राचार्य डा.प्रदीप राव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. अविनाश प्रताप सिंह ने की।

पं.जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज बासगांव में छात्र-छात्राओं ने 125 पौधों का रोपण किया। पौधरोपण की शुरुआत प्रधानाचार्य डीएन लाल व वन दारोगा विनोद शाही ने की। चिलुआताल थाना में थाना प्रभारी रामविलास यादव, चौकी इंचार्ज फर्टिलाइजर बृजेश यादव व अन्य पुलिस पुलिसकर्मियों ने कुल 25 पौधों का रोपण किया।

मालवीय शिक्षा निकेतन इंजीनियरिंग कालेज में प्रधानाचार्य गोविंद सिंह की देख रेख में 21 पौधों का रोपण हुआ। खोराबार क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौर में ग्राम प्रधान विजय यादव की देखरेख में कुल 51 पौधे लगाए गए। सहजनवां ब्लाक के सिहापार गांव में ग्रामीणों ने 501 पौधों का रोपण किया। पौधरोपण की शुरुआत ग्राम प्रधान जय प्रकाश यादव ने की।



चिलुआताल थाना में पौधरोपण करते थाना प्रभारी रामविलास यादव व अन्य। जागरण











पौधरोपण करते शिक्षक, स्वयंसवेक एवं स्वयंसेविकायें

# शहीद बन्धू सिंह शहादत दिवस कार्यक्रम



**12 अगस्त 2016** को पूर्वांचल के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद बन्धू सिंह के शहादत दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि अपने पूरे परिवार के साथ भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में कुदने वाले शहीद बन्धू सिंह पर प्रत्येक पूर्वांचल वासी को गर्व है। हम सौभाग्यशाली हैं कि ऐसी भूमि पर जन्म लिए जिसको वीरों ने अपने रक्त से प्रज्जवलित किया है। बंधू सिंह ने पूर्वांचल के नौजवानों को संगठित करके अंग्रेजी सरकार के विरूद्ध लोहा लिया था। उनकी शहादत भारतीय युवाओं को सदैव प्रेरणा देती रहेगी। इस अवसर पर बी.एड. प्रशिक्षु की योगेश कुमार कनौजिया ने कहा कि भारत की गौरवशाली ऐतिहासिक परम्पराओं को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने की महती आवश्यकता है। शिक्षा पाठ्यक्रमों में ऐसे स्थानीय स्वतंत्रता सग्रांम के वीरों की जीवन गाथा को सम्मिलित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर प्रा. इतिहास विभाग के प्रवक्ता श्री सुबोध कुमार मिश्र ने कहा कि युवा पीढ़ी आज के इस भौतिकवादी की युग में अपने परम्परा और जीवन से अनभिज्ञ है। उनको इसका ज्ञान कराया जाना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व स्वयंसेवक आशीष राय, महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. विजय कुमार चौधरी, सुश्री अपर्णा मिश्रा, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. प्रवीन्द्र शाही, डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी, वागीश राज पाण्डेय और डॉ. अंशुमान सिंह जी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने किया तथा कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह

**15 अगस्त 2016** को राष्ट्रीय पर्व 'स्वतंत्रता दिवस समरोह' को महाविद्यालय में उत्साहपूर्वक ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत देश प्रेम से ओत–प्रोत गीत, नृत्य तथा भाषण प्रस्तुत किए। सामाजिक समस्याओं के समाधान के प्रति जागरूकता से सम्बन्धित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया।








स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकायें

# विश्व साक्षरता दिवस

**08 सितम्बर 2016** को विश्व साक्षरता दिवस कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बदलते हुए वैश्विक परिदृश्य में उन्नत मष्तिष्क और प्रखर मेधा ही राष्ट्र की पहचान और आधार है। शिक्षित नागरिक ही विकसित समाज की रीढ़ है। किसी भी देश की प्रगति उनके नागरिकों की शिक्षा के स्तर पर निर्भर करती है। साक्षर नहीं शिक्षित होना भारत की आवश्यकता है। दुनिया के अनेक देश अपने शिक्षित नागरिकों के बल पर ही आज विश्व के शक्तिभाली तथा सामर्थ्यवान देशों में शुमार हुए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार राव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य ही सशक्त एवं समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान करना है। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि यह जिम्मेदारी विशेष रूप से आज के युवा पीढ़ी पर है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा अपने अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शैक्षिक जागरूकता पैदा करने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। इस अवसर पर स्वयंसेवक राहुल गिरि, अनुप कुमार, आशुतोष चौहान, हिमांशु पाण्डेय तथा स्वयंसेवक वेदिका गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, नम्रता पाण्डेय ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार चौधरी, श्री प्रदीप कुमार वर्मा, डॉ. आर.एन. सिंह, डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. अंशुमान सिंह, श्रीमती कविता मान्ध्यान, डॉ. आरती सिंह, डॉ. प्रज्ञेश मिश्र, डॉ. राजेश कुमार शुक्ल तथा डॉ. राम सहाय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रा. इतिहास विभाग के प्रवक्ता डॉ. सुबोध कुमार मिश्र तथा आभार पूर्व स्वयंसेवक आशीष राय ने किया।


स्वतंत्र चेतना गोरखपुर, शुक्रवार, 09 सितम्बर, 2016

शिक्षित नागरिक ही विकसित समाज की रीढ़: डा. प्रियदर्शी

□ एमपीपीजी में व्याख्यान का आयोजन

गोरखपुर। साक्षर नहीं शिक्षित भारत की आवश्यकता है। बदलते हुये वैश्विक परिदृश्य में उन्नत मस्तिष्क और प्रखर मेधा ही किसी राष्ट्र की पहचान और उसकी महत्ता का आधार है। शिक्षित नागरिक ही विकसित समाज की रीढ़ है। किसी भी देश की प्रगति उसके नागरिकों में शिक्षा के अनुपात पर निर्भर करती है। दुनिया के तमाम देश अपने शिक्षित नागरिकों के बल पर ही आज विश्व में शक्तिशाली एवं सामर्थ्यवान देश के रूप में उभरकर सामने आये है। उक्त बातें महाराणा प्रताप पीजी कालेज, जंगल धूसड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम में बोलते हुए समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष तथा सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा.प्रकाश प्रियदर्शी ने कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डा.यशवन्त राव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना मूल उद्देश्य ही सशक्त एवं सामर्थ्यवान समाज के निर्माण में योगदान करना है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी के उपर यह जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। कार्यक्रम अधिकारी डा.अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यमों से भारत के उन तमाम गांवों में जो वर्तमान में भौतिक संसाधनों से अभाव ग्रस्त है, ऐसे अशिक्षित और अजागरूक लोगों के बीच शिक्षा और साक्षरता के प्रति ललक पैदा करने हेतु निरन्तर प्रयासरत है।

इस अवसर पर बी.एड.विभाग की प्रवक्ता दीप्ती गुप्ता ने कहा कि आज भारत दुनिया में मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से नवयुवकों की संख्या की दृष्टि से और दुर्भाग्य से अनपढ़ों और निरक्षरों की संख्या की दृष्टि से विश्व का अग्रणी देश है।

कार्यक्रम का संचालन प्राचीन इतिहास विभाग के प्रभारी सुबोध कुमार मिश्र ने तथा आभार ज्ञापन पूर्व स्वयंसेवक आशीष राय ने किया। इस अवसर पर डा.विजय कुमार चौधरी, डा.शिव कुमार अग्रवाल, डा.आर.एन.सिंह, कविता मन्ध्यान, नंदन शर्मा, विनय कुमार सिंह, मनिता सिंह, डा.आरती सिंह, डा.महेन्द्र प्रताप सिंह, डा.अपर्णा मिश्रा, डा.प्रज्ञेश कुमार मिश्र, डा.राजेश शुक्ला, डा.राम सहाय साहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं स्वयं सेवक/सेविकाएं उपस्थित रहें।


हिन्दुस्तान 09 सितम्बर 2016

विश्व साक्षरता दिवस पर हुआ व्याख्यान

गोरखपुर। विश्व साक्षरता दिवस पर गुरुवार को एमपी पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में व्याख्यान माला का आयोजन हुआ। एनएसएस के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही विकसित समाज की रीढ़ है। डॉ. यशवंत राव, डॉ. अविनाश प्रताप और डॉ. दिप्ती ने भी विचार रखे।

व्याख्यान देते
श्री प्रकाश प्रियदर्शी एवं
उपस्थित शिक्षक तथा
स्वयंसेवक एवं
स्वयंसेविकायें








# विश्व ओजोन संरक्षण दिवस




**16 सितम्बर 2016** को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 'विश्व ओजोन संरक्षण दिवस' के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि वायुमण्डल में ओजोन गैस की पर्त के कारण सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी तथा प्रकृति की रक्षा होती है। यदि यह ओजोन पर्त न हो तो मनुष्यों तथा जीवधारी में त्वचा रोग होगा तथा पेड़–पौधे नष्ट हो जायेंगे। बढ़ते हुए नगरीकरण, औद्योगीकरण तथा ग्लोबल वार्मिग से ओजोन गैस की पर्त में छिद्र हो रहा है। अतः इसकी रक्षा के लिए कार्बन मोनो आक्साइड गैसो के उत्सर्जन पर नियंत्रण की आवश्यकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि बाजारवादी तथा उपभोक्तावादी जीवन–शैली ने उत्पादन वृद्धि और उपभोग को जीवन का मुख्य विलासी आधार बना दिया है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए हरे पेड़ों की कटान को रोका जाय, खतरनाक और जहरीली गैसों के उत्सर्जन पर रोक लगायी जाय। रेफरीजरेटर और ए.सी. का प्रयोग कम से कम किया गया। इस गोष्ठी में स्वयं सेवक रविप्रताप नागवंशी, अनिल चौहान, ब्रजेन्द्र कुमार यादव, शैलेश चौहान, शैलेन्द्र प्रजापति तथा स्वयंसेविका करिश्मा सिंह, बन्दना राजभर, रोली कुमारी, अनुपमा ने अपने विचार में पर्यावरण पर बढ़ते हुए खतरे तथा दबाब पर चिन्ता व्यक्त किया। विचार गोष्ठी का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, सुश्री मनीता सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा, डॉ. अभिषेक कुमार वर्मा, डॉ. अंशुमान सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार, सुश्री प्रगति पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार राव ने सभी के प्रति आभार ज्ञापन किया।








व्याख्यान कार्यक्रम में मंचासीन डॉ. विजय कुमार चौधरी, सुश्री दीप्ति गुप्ता,
डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. यशवन्त कुमार राव, आशीष राय एवं उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थीगण

# पर्यावरण संकट एवं संरक्षण विषय पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता

**23 सितम्बर 2016** को राष्ट्रीय सेवा योजना तथा वनस्पति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान 'पर्यावरण संकट एवं संरक्षण विषय' पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कलासंकाय, विज्ञान संकाय तथा शिक्षा संकाय के कुल 34 प्रतिभागियों प्रतिभाग किया। इस दौरान उत्कृष्ट पोस्टर बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस प्रतियोगिता में बी.ए. भाग दो की गरिमा जायसवाल को प्रथम, बी.एड. भाग दो के बैजनाथ भारती द्वितीय एवं बी.एस–सी. प्रथम वर्ष की आरती गोड़ एवं बी.एड. भाग दो की काजल चौरसिया कों संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रतियोगियों को सम्बोधित करते हुए वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से ही मानव जीवन सुरक्षित एवं संरक्षित होगा। पर्यावरण ईश्वर की अनुपम कृति है। प्रकृति केवल जीवन दायिनी ही नहीं बल्कि प्रेरक और शिक्षाप्रद भी है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यार्थी को न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की चिंता भी करनी चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार राव ने प्रतियोगियों में पर्यावरण के प्रति चेतना जगाने के लिए जागरूक किया तथा सभी प्रति आभार प्रकट किया।


अमर उजाला
गोरखपुर
शनिवार, 24 सितंबर 2016

पर्यावरण संरक्षण से ही मानव सुरक्षित

गोरखपुर (ब्यूरो)। महाराणा प्रताप पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना और वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से 'पर्यावरण संकट और संरक्षण' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट पोस्टर बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में कुल 34 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इसमें गरिमा जायसवाल ने पहला, बैजनाथ भारती ने दूसरा, आरती गौर तथा काजल चौरसिया ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि डॉ. अभय श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से ही मानवता संरक्षित होगी। पर्यावरण ईश्वर की अनुपम कृति है। आने वाली पीढ़ी के जीवन के लिए पर्यावरण की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यार्थी न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य का निर्माता होता है।



प्रतियोगिता में कृष्ण चौधरी बी.एड. प्रथम वर्ष, सविता चौधरी बी.एड. प्रथम वर्ष, संजू सिंह बी.एड. प्रथम वर्ष, मनता सिंह बी.एड.. प्रथम वर्ष, मधु सिंह बी.एड. प्रथम वर्ष, संध्या कुमारी बी.एड. प्रथम वर्श, रिचा कुमारी बी.एड. प्रथम वर्ष, गरिमा जायसवाल बी.एड. द्वितीय वर्ष, सुमन साहनी बी.एड. प्रथम वर्ष, नगमा खमून बी.एड. प्रथम वर्ष, स्नेहलता पासवान बी.एड. प्रथम वर्ष, कु. प्रियंका बी.एड. प्रथम वर्ष, विनिता यादव बी.एड. प्रथम वर्ष, उर्वशी चावला बी.एड. प्रथम वर्ष, शिखा सिंह बी.एड. प्रथम वर्ष, कु. रेखा बी.एड. प्रथम वर्ष, अंजली रंजन बी.एड. प्रथम वर्ष, प्रिया श्रीवास्तव बी.एड. प्रथम वर्ष, स्वाति श्रीवास्तवा बी.एड. प्रथम वर्ष, काजल श्रीवास्तव बी.एड. प्रथम वर्ष, खुशबू त्रिपाठी बी.एड. प्रथम वर्ष, रजनी जायसवाल बी.एड. प्रथम







पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागीगण

वर्ष, आरती गौंड बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष, मेनका चौहान बी.ए. द्वितीय वर्ष, सोनल दूबे बी.एस–सी. प्रथम वर्ष, बैजनाथ भारती बी.एड. द्वितीय वर्ष, योगेश कु. कन्नौजिया बी.एड. द्वितीय वर्ष, रमन कुमार बी.एड. प्रथम वर्ष, अभिषेक कु. श्रीवास्तव बी.एड. द्वितीय वर्ष, काजल चौरसिया बी.एड. द्वितीय वर्ष, मोनिका बी. एड. प्रथम वर्ष, वर्षा जायसवाल बी.ए. द्वितीय वर्ष, सोमनाथ कन्नौजिया बी.एड. प्रथम वर्ष ने सहभागिता किया।








पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागीगण

# राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

24 सितम्बर 2016 को राष्ट्रीय सेवा योजना के 'स्थापना दिवस' पर कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित व्याख्यान के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार राव थे, उन्होने अपने उद्बोधन मे राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा राष्ट्रीय सेवा योजना यह एक जीवन दर्शन है। इससे कैसे जीवन को व्यवस्थित, समयबद्ध, अनुशासित और चरित्र को उच्च बना सकते है। राष्ट्रीय सेवा योजना को सांस्कृतिक एवं युवा मंत्रालय द्वारा भारत के सभी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय तथा माध्यमिक विद्यालयों शिक्षा का सहचारी बनाया। उन्होंने इसके प्रमुख कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा, श्रम और साधना मनुष्य की मौलिक पहचान हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना मानवीय गुणों को विकसित करने और विकृतियों के उन्मुलन का सशक्त साधन है। उन्होंने नवीन स्वयंसेवकों की राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति जिज्ञासा को भी शांत करते हुए कहा कि यह न केवल अगली कक्षा में अधिभार अंक के रूप सहयोग करता है बल्कि व्यक्तित्व के विकास का साधन भी है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. संजय तिवारी, डॉ. शक्ति सिंह, डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी, डॉ. राजेश शुक्ला, डॉ. कृष्ण कुमार, छात्रसंघ पदाधिकारी एंव हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप एवं गुरू श्री गोरक्षनाथ इकाई के सभी स्वयं सेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रा. इतिहास विभाग के प्रवक्ता श्री सुबोध कुमार मिश्र ने किया एवं आभार पूर्व स्वयंसेवक आशीष राय ने किया।



# गांधी जयंती एवं लालबहादुर शास्त्री जयंती समारोह





**02 अक्टूबर 2016** को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में गांधी जी एवं लालबहादुर शास्त्री जयंती पर भव्य समारोह ध्वजारोहण के प्रारम्भ हुआ। सर्वप्रथम सभी प्राध्यापकों तथा स्वयंसेवकों सेविकाओं ने गांधी जी एवं लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजली की गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ–साथ विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ. विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सत्य के मार्ग चलना, मानव सेवा तथा असहायों की सेवा करना ही गांधी के सच्ची श्रद्धांजली होगी। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि दु:खियों, पीड़ितों की सेवा करना ईश्वर की सेवा के समान है। भेद–भाव, ऊँच–नीच, ईर्ष्या ये सभी मानव पाप है इससे बचने का प्रयास करना चाहिए। गांधी जी के जीवन के सामाजिक एकता और समरसता की भावना स्थापित करने में युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर राहुल गिरि, प्रियंका गुप्ता राघवेन्द्र यादव, अनिल कुमार चौहान, सविता प्रजापति शंभू निषाद आदि स्वयंसेवकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय में प्राध्यापक डॉ. प्रतीक दास, सुश्री प्रियंका मिश्रा, श्री सुबोध मिश्र, श्रीकांत मणि त्रिपाठी, डॉ. अरूण राव, डॉ. आर.एन. सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. प्रदीप वर्मा सहित सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। इस अवसर पर श्रमदान भी किया गया।




महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती के अवसर पर व्याख्यान देते डॉ. विजय कुमार चौधरी











महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती के अवसर पर श्रमदान करते स्वयंसेवक

# वायुसेना स्थापना दिवस

**08 अक्टूबर 2016** को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वायु सेना स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। समारोह के मुख्य वक्ता प्राचीन इतिहास विभाग के प्रभारी श्री सुबोध मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब–जब भारत पर दुश्मनों की बुरी नजर पड़ी है तब–तब वायु सेना ने उन्हे धूल चटाई है। न केवल युद्ध के समय बल्कि भयंकर प्राकृतिक आपदाओं के समय वायु सेना की भूमिका जीवनदायिनी साबित हुई है। सुरक्षा के बदलते परिवेश में भारतीय वायु सेना भारत की सुरक्षा की प्राण वायु है। भारत ने रूस और अमेरिका से अत्याधुनिक लड़ाकू विमानो को अपने बेड़े में सम्मिलित करके अपनी ताकत में वृद्धि की हैं। जिससे भारत महाशक्तियों के कतार में खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने कहा कि भारतीय वायु सेना दुनिया की चौथी बड़ी वायु सेना है, किन्तु भारतीय वायु सेना के साथ चुनौतियां कम नहीं है। विश्व की तीसरे नम्बर की चीनी वायु सेना को शक्ति के सामने अभी हम बहुत पीछे है। वर्तमान सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण भारतीय वायु सेना की ताकत और क्षमता की विस्तार देकर नया स्वरूप दिया है। इस कार्यक्रम में स्वयं सेवक राहुल गिरि, अनुप कुमार, अनिल चौहान, रविप्रताप नागवंशी, पूर्व स्वयं सेवक आशीष राय तथा स्वयं सेविका सविता प्रजापति, प्रियंका गुप्ता, वन्दना तथा रंजना निषाद ने भी अपने–अपने विचार प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह, श्री प्रकाश प्रियदर्शी, डॉ. राजेश शुक्ला, श्री मृत्युंजय कुमार सिंह, श्री नन्दन शर्मा, श्री वागीश राज पाण्डेय, श्री विनय कुमार सिंह, डॉ. आर.एन. सिंह, डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. प्रवीन्द्र कुमार शाही आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया।


स्वतंत्र चेतना गोरखपुर, रविवार, 09 अक्टूबर, 2016

एयरफोर्स के 84वें स्थापना दिवस पर शहीद वाल योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते एयर कमोडोर अरूण मलिक।

## वायु सेना देश की सुरक्षा की प्राणवायु

❑ वायुसेना के स्थापना दिवस पर एमजीपीजी में व्याख्यान का आयोजन

स्पष्ट आवाज़ गोरखपुर, रविवार, 9 अक्टूबर 2016

## वायु सेना का देश की सुरक्षा में योगदान पर व्याख्यान

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वायु सेना स्थापना दिवस के अवसर पर ''भारतीय वायु सेना का देश की सुरक्षा और आपदा में योगदान'' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए प्राचीन इतिहास विभाग के प्रवक्ता सुबोध कुमार मिश्र ने कहा कि भारतीय वायु सेना भारत की सुरक्षा की प्राणवायु है। जब-जब भारत पर दुश्मनों की कुदृष्टि पड़ी है तब-तब वायु सेना उन्हें धूल चटाई है। न केवल युद्ध के समय बल्कि भयंकर से भयंकर प्राकृतिक आपदाओं के समय वायु सेना की भूमिका जीवनदायनी साबित हुई है। इसलिए प्रत्येक भारतीय का अपने सुरक्षा संस्थानों और जवानों के प्रति अटूट श्रद्धा और निष्ठ देखने को मिलती है। आज बहुत आवश्यक है कि अधिक से अधिक युवाओं को सेना में जाने का प्रोत्साहन और अवसर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। सेना ही वह सेवा केन्द्र है जहाँ भारत माँ की सच्ची सेवा का अत्यधिक अवसर उपलब्ध है।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव कहा कि भारतीय वायु सेना दुनिया की चौथी बड़ी वायु सेना है, किन्तु भारतीय वायु सेना के समक्ष चुनौतियां भी कम नहीं है। तीसरे नम्बर की चीनी वायु सेना की ताकत के सामने अभी हम बहुत पीछे है। वर्तमान सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति के कारण भारतीय वायु सेना की शक्ति और ताकत को विस्तार देते हुए एस.यू.-30 सुखोई-30 एम.के.आई. राफेल, तेजस, मिराज, जगुआर, हरक्यूलिस जे-130, आई.एल.-78 जैसे-लड़ाकू विमानों को भारतीय सेना में सम्मिलित करके उसके नया स्वरूप प्रदान किया है। जिससे भारतीय वायु सेना दुनिया के सैन्य शक्ति के मुकाबले अपने को खड़ा सके।

व्याख्यान में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. राजेश शुक्ला, डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. प्रवीन्द्र कुमार शाही, डॉ. कृष्ण कुमार सहित शिक्षक, कर्मचारी सहित स्वयं सेवक स्वयं सेविका उपस्थित थे।

हिन्दुस्तान
रविवार • 09 अक्टूबर 2016

## वायुसेना के सामने चुनौतियों का पहाड़

गोरखपुर। भारतीय वायुसेना विश्व की चौथी बड़ी सेना है लेकिन उसके बावजूद उसके समक्ष चुनौतियां खड़ी हुई है। विश्व की तीसरी हवाई ताकत चीन से हम बहुत पीछे हैं। हालांकि एसयू-30, सुखोई-30, एमकेआई, राफेल, तेजस, मिराज आदि लड़ाकू विमानों ने भारत की ताकत में बढ़ोतरी की है।

महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में वायुसेना दिवस पर आयोजित व्याख्यान में ये बातें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार राव ने कही। इस अवसर पर प्राचीन इतिहास विभाग के प्रवक्ता सुबोध कुमार मिश्र ने भारतीय वायु सेना का देश की सुरक्षा और आपदा में योगदान विषय पर व्याख्यान दिया।




वायुसेना स्थापना दिवस के अवसर पर मंचासीन स्वयंसेविकाएं एवं शिक्षक












वायुसेना स्थापना दिवस के अवसर पर व्याख्यान देते श्री सुबोध कुमार मिश्र एवं उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थीगण

# आजाद हिन्द फौज़ स्थापना दिवस

**21 अक्टूबर 2016** को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आजाद हिन्द फौज का स्थापना दिवस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजनीति शास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार अपने उद्‌बोधन में कहा कि सुभाष चन्द्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिन्द फौज़ की स्थापना की गयी और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को निर्णायक दिशा में बढ़ाया। जब अंग्रेजी सरकार के समक्ष मौन विरोध करना भी बड़ा अपराध माना जाता था तब उनके समानान्तर सरकार खड़ा करना और अंग्रेजी सेना के उपर आजाद हिन्द फौज़ द्वारा लगातार आक्रमण करते रहना बड़े साहस का परिचालक माना जाना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास की यह परम्परा रही है कि जब–जब देश को नौजवानों की आवश्यकता पड़ी है तब तब वे भारत माता के लिए सर्वश्वछावर करने के लिए तैयार रहे है। राष्ट्रीय सेवा योजना ऐसे ही युवा गढ़ने में प्रभावी विकल्प के रूप मे कार्य करती है। किसी भी देश की और समाज की उन्नति उनके युवाओं की सोच और कार्य पद्धति पर निर्भर करती है। इस अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक दुर्गेश कुमार, हिमांशु पाण्डेय, भारत शंकर, जयप्रकाश शर्मा तथा स्वयं सेविका अंजू चौहान, करिश्मा सिंह, ज्योति साहनी, अपराजिता पाण्डेय ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। साथ ही प्रा. इतिहास विभाग के प्रवक्ता श्री सुबोध कुमार मिश्र और श्री गोविन्द कुमार वर्मा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



अमर उजाला

गोरखपुर 6
शनिवार, 22 अक्टूबर 2016

आजाद हिंद फौज के स्थापन दिवस पर विचार व्यक्त करते डॉ. एपी सिंह।

## आजाद हिंद फौज की सरकार का स्थापना दिवस मना

### एमपी पीजी कॉलेज में हुआ व्याख्यान

गोरखपुर (ब्यूरो)। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज पर केंद्रित व्याख्यान का आयोजन हुआ। इसमें राजनीतिशास्त्र के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि आजाद हिंद फौज और सुभाष चंद्र बोस ने नेतृत्व ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। जब अंग्रेजों के सामने मौन विरोध करना भी बड़ा अपराध माना जाता था, तब उनके समानांतर सरकार खड़ा करना और अंग्रेजी सेना के ऊपर आजाद हिंद फौज द्वारा लगातार आक्रमण करते रहना, बड़े साहस का परिचायक माना जाना चाहिए।

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास कि यह परंपरा रही है कि जब-जब देश नौजवानों की आवश्यकता पड़ी है तब वे भारत माता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तैयार रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना ऐसे ही युवा गढ़ने में प्रभावी प्रकल्प के रूप में कार्य करती रही है। किसी भी देश और समाज की उन्नति युवाओं की सोच और कार्य पद्धति पर निर्भर करती है। डॉ. यशवंत कुमार राव, सुबोध कुमार मिश्र, गोविंद कुमार वर्मा,








आजाद हिन्द फौज स्थापना दिवस के अवसर पर व्याख्यान देते डॉ. कृष्ण कुमार एवं श्रोतागण

# साप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान

महाविद्यालय में स्वच्छता जागरूकता को ध्यान में रखकर अपने स्थापना काल से ही इस हेतु निरंतर प्रयास किया जाता रहा है। प्रबंधन की स्पष्ट मान्यता है शिक्षण संस्थाएं घर की तरह से साफ सुथरी होनी चाहिए स्वच्छ स्थान पर ही सरस्वती का निवास होता है। इस दृष्टि से शिक्षण संस्थाओं को और अधिक साफ सुथरा रहना चाहिए। दूसरे स्वच्छता हेतु प्रत्येक व्यक्ति को सजग और सचेत करने के लिए यह आवश्यक है कि स्वच्छता अभियान में उनकी भागीदारी अवश्य हो। इन तमाम बातों को ध्यान में रखकर महाविद्यालय प्रति वर्ष के शैक्षिक पंचाग में स्वच्छता अभियान को विशेष महत्व देता रहा है। शैक्षिक श्रमदान का कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार को 11:40 से एक घंटी लगते ही राष्ट्रीय सेवा के दोनों इकाईयों गुरू श्री गोरक्षनाथ एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप ईकाई के स्वयं सेवक, स्वयंसेविकाएं, कार्यक्रम अधिकारी, शिक्षक, अन्य विद्यार्थी सहित प्राचार्य झाडु पानी हेतु पाइप, वाइपर, ब्रश, फावड़ा, टोकरी हाथों में लेकर टोलीवार अपने–अपने निर्धारित क्षेत्रों में 1 घण्टा 10 मिनट तक शैक्षिक श्रमदान करते है। उस दिन कक्षाएं 40 मिनट की चलती है। शैक्षिक श्रमदान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, स्वयंसेविकाओं तथा कार्यक्रम अधिकारी अनिवार्य रहता है जबकि महाविद्यालय के अन्य शिक्षक यह विद्यार्थियों के लिए श्रमदान मं सम्मिलित होना स्वैच्छिक होता है इसक बावजूद प्रतिवर्ष प्राचार्य सहित शिक्षक, कर्मचारी तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में सम्मिलित होते है। सप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान के व्यवस्थित संचालन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय सेवा योजना की रहती है। श्रमदान प्रारम्भ होने से पूर्व ही महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी महाविद्यलय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय से निर्धारित प्रपत्र प्राप्त कर पूर्णतः भरकर जमा करने के उपरान्त टोली बनाकर श्रमदान कार्यक्रम प्रारम्भ होता है। संख्या के आधार पर टोली बनायी जाती है। एक टोली में लगभग 12 से 15 विद्यार्थी और 2 से 3 शिक्षको



हिन्दुस्तान • गोरखपुर • रविवार • 06 नवम्बर 2016 •

## छात्रों ने चमकाया महाविद्यालय

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़े के तहत सफाई अभियान चलाया गया। रासेयो स्वयंसेवकों ने 22 टोलियों में अलग-अलग स्थानों पर शिक्षकों के नेतृत्व में सफाई की। इस दौरान 150 छात्रों ने सफाई अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

रासेयो प्रभारी डॉ. यशवंत राव ने बताया कि डॉ. सुभाष कुमार, शैलेंद्र सिंह, विनय सिंह, आदि के के नेतृत्व में छोटी रेटवहिया मार्ग की सफाई की।

के नेतृत्व में निर्धारित स्थान पर श्रमदान करना होता है। टोलीवार सूची और कार्यस्थल का उल्लेख प्रत्येक बुधवार एवं बृहस्पतिवार तक राष्ट्रीय सेवा योजना के सूचना पट्ट पर लगा दी जाती है। प्रयास यह रहता है जो टोली प्रारम्भ में बने वह सत्र के अन्तिम तक वही टोली रहे। इसके पीछे शिक्षक के नेतृत्व में टीम भावना का विकास भी है। बाद में भी श्रमदान हेतु कभी भी निर्धारित पत्र भरकर श्रमदान कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ जा सकता है। इस सत्र में 22 अक्टूबर से साप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान 22 टोलियों के माध्यम से महाविद्यालय परिसर तथा उसके बाहर शुभारम्भ हुआ। श्रमदान कार्यक्रम के अन्तर्गत शौचालय से लेकर सड़क तक का कार्य राष्ट्रीय योजना के वालेंटियर सहित प्राचार्य शिक्षक एवं कर्मचारी स्वैच्छा से मनोयोग्य के साथ कार्य करते है। शौचालय की सफाई के पीछे स्पष्ट उद्देश्य है





जिस तरह से भारती समाज कार्य का विवेदीकरण कर भेदभाव व छुवाछुत जैसे गंभीर बीमारी में जकड़ गया है जिसे तोड़ने के लिए इस प्रकार का प्रयास बहुत ही सफल सिद्ध हुआ है। इस योजना का एक लाभ ये भी है कि प्रत्येक विद्यार्थी स्वच्छता को लेकर इतना सतर्क रहता है कि क्लास में जाते समय सीढ़ी पर गिरे हुए कागज और फर्श पर गिरा हुआ चॉकलेट का रैपर उठाकर जेब में रख लेता है और कक्षा समाप्त होने के उपरान्त महाविद्यालय में जगह–जगह रखे डेस्टिबिन में डाल देतें है। विद्यार्थियों और शिक्षकों में श्रम के प्रति हीन भावना को समाप्त करने में स्वैच्छिक साप्ताहिक श्रमदान की यह योजना बहुत ही कारगर साबित हुई है।











साप्ताहिक स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम में प्राचार्य, शिक्षक, स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं

# संयुक्त राष्ट्रसंघ स्थापना दिवस

**24 अक्टूबर 2016** को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्रसंघ स्थापना दिवस मनाया गया और 'विश्व शान्ति में संयुक्त राष्ट्रसंघ की भूमिका' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस भाषण में प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय, कला संकाय तथा शिक्षा संकाय के 13 प्रतिभागियों ने हिस्सा किया। बी.ए. भाग एक के राहुल गिरि प्रथम, बी.ए. भाग दो की प्रियंका गुप्ता तथा बी.ए. के कृष्ण मोहन संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, बी.ए. भाग एक के अनुप कुमार एवं बी.ए. भाग दो के रवि प्रताप नागवंशी संयुक्त रूप, से तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि एक ओर मानव विनाशक अस्त्रशस्त्रों का विस्तार हुआ है तो वही दूसरी ओर विश्व शांति के लिए भी गम्भीर प्रयास भी हुए है। संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व शांति के प्रयास में 20वीं सदी का प्रतिफल है। राष्ट्रों के मध्य सामान्य समझ के माध्यम से शांति की स्थापना का कार्य संयुक्त राष्ट्र संघ का महत्वपूर्ण है इसने मानव सेवा और विकास में महती भूमिका निभाई है। विशेष रूप से विकासशील देशों में सामाजिक और



स्वतंत्र चेतना मंगलवार, 25 अक्टूबर, 2016

## भाषण प्रतियोगिता में राहुल अव्वल

❑ एमपीपीजी में संयुक्त राष्ट्र संघ के स्थापना दिवस पर हुआ आयोजन

गोरखपुर । महाराणा प्रताप पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें बीए भाग एक के राहुल गिरी अव्वल रहे वही बीए भाग दो की प्रियंका गुप्ता व बीएड भाग एक के कृष्ण मोहन को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा बीए प्रथम वर्ष अनूप कुमार व रवि प्रताप नागवंशी को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला।

विश्व शांति और संयुक्त राष्ट्रसंघ की भूमिका विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश सिंह ने कहा की विश्व शांति एवं विकास में संयुक्त राष्ट्रसंघ का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। एक तरफ मानव विनाशक अस्त्र, शस्त्रों का विस्तार हुआ तो वही दूसरी तरफ विश्व शान्ति के लिए गम्भीर प्रयास भी हुये । संयुक्त राष्ट्रसंघ विश्वशान्ति के प्रयास में 20वीं सदी का बड़ा प्रतिफल है। राष्ट्रों के बीच सामान्य समझ के माध्यम से शान्ति की स्थापना का कार्य तो संयुक्त राष्ट्रसंघ का महत्वपूर्ण है ही इसने मानव सेवा और विकास में महती भूमिका निभाई है। विशेष रूप से विकासशील देशों में संयुक्त राष्ट्रसंघ के कार्य सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में अनुकरणीय रहे है। इस अवसर पर डॉ यशवन्त कुमार राव, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. प्रजेश कुमार मिश्र, डॉ प्रकाश प्रियदर्शी मौजूद थे।



अर्थिक क्षेत्र में इसका कार्य अनुकरणीय रहा है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने प्रतिभागियों का मार्ग दर्शन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में रचनात्मक एवं क्रियात्मक समझ पैदा की जा सकती है। प्रतियोगिता में राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार तथा मनोविज्ञान के प्रवक्ता डॉ. प्रज्ञेश मिश्र जी निर्णायक की भूमिका निभाए। पूर्व स्वयंसेवक आशीष राय ने सभी के प्रति आभार ज्ञापन किया।









संयुक्त राष्ट्रसंघ स्थापना दिवस के अवसर पर व्याख्यान एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम











संयुक्त राष्ट्रसंघ स्थापना दिवस के अवसर पर व्याख्यान एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम

# योगिराज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति रक्तदान शिविर का आयोजन

**25 अक्टूबर 2016** को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक, प्राचार्य, विद्यार्थी तथा स्वयं सेवक/सेविकाओं ने उत्साह से भाग लिया। शिविर में गुरू गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लडबैक द्वारा कुल 42 लोगो का रक्त संग्रह किया। बी.ए. भाग दो के दुर्गेश कुमार, बी.ए. भाग एक के राहुल गिरि, बी.ए. भाग तीन के रिया राव, बी.काम. भाग एक के राहुल दूबे, विजय यादव बी.ए. भाग एक, विदिशा वर्मा बी.ए. भाग दो, विभा कुमारी बी.एस–सी. भाग एक, सतीश साहनी बी.काम. भाग दो, संगीता वर्मा बी.ए. भाग एक, रोली कुमारी बी.ए. भाग एक, मयंक तिवारी बी.ए. भाग तीन, प्रिया श्रीवास्तव बी.एड. भाग एक, संजय कुमार बी.ए. भाग एक, मयंक तिवारी बी. ए. भाग तीन, प्रिया श्रीवास्तव बी.एड. भाग एक, संजय कुमार, बी.ए. भाग एक, छात्रसंघ अध्यक्ष सिद्धार्थ शुक्ल तथा नवनीत कुमार आदि। महाविद्यायल के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. यशवन्त राव, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. प्रज्ञेश मिश्र, डॉ. मृत्युजंय सिंह, डॉ. अभिषेक सिह, डॉ. राजेश शुक्ल, डॉ. शक्ति सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा, श्रीमती शिप्रा सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. अंशुमान सिंह, नन्दन शर्मा तथा वागीश राज पाण्डेय जी ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को शुभकामना देते हुए प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से हम अपने राष्ट्र और समाज के प्रति एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में जवाबदेही और जिम्मेदारी निर्वहन करते है। इससे राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समझ का विकास होता है। साथ ही साथ मानवीय संवेदना के चर्मोत्कर्ष का रक्तदान जैसे पवित्र कार्य माध्यम बनते है। प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने सभी रक्त दाताओं तथा गोरक्षनाथ चिकित्सालय ब्लड बैंक के चिकित्सीय टीम के प्रति आभार ज्ञापित किया।



स्वतंत्र भारत
महानगर
लखनऊ, बुधवार, 26 अक्टूबर, 2016
गोरखपुर

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



गोरखपुर • बुधवार • 26 अक्टूबर 2016

## एमपी पीजी कालेज के 42 लोगों ने किया रक्तदान

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ के एनएसएस की ओर से मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के 42 लोगों ने रक्तदान किया। सभी के रक्त गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक में सुरक्षित किए गए। प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव ने कहा कि यह एक पुनीत कार्य है, इसमें लोगों को बढ़ चढ़कर योगदान देना चाहिए।

25 अक्टूबर को योगिराज बाबा गम्भीर नाथ पुण्यतिथि भाताब्दी वर्ष के अन्तर्गत रा.से.यो. के तत्त्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गुरू गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लडबैंक के सहयोग से सम्पन्न शिविर में छात्र–छात्राओं, शिक्षक एवं प्राचार्य सहित 42 लोगों ने रक्तदान किया। छात्रों में अनुपम त्रिपाठी (एम.काम. प्रथम वर्ष), राहुल गिरि (बी.ए. प्रथम वर्ष), राहुल दूबे (बी.काम. प्रथम वर्ष), विजय यादव (बी.ए. प्रथम वर्ष), विदिशा शर्मा (बी.ए. द्वितीय वर्ष), विभा कुमारी (बी.एस–सी. प्रथम वर्ष), मयंक तिवारी (बी.एड. प्रथम वर्ष), सूरज तिवारी (बी.ए. प्रथम वर्ष), अनिल कुमार चौहान (बी.ए. प्रथम वर्ष), सतीश साहनी (बी.काम. द्वितीय वर्ष), सिद्धार्थ कुमार शुक्ला (एम.काम. प्रथम वर्ष), कृष्णमोहन (बी.एड. प्रथम वर्ष), रिया राव (बी.ए. तृतीय वर्ष), संगीता वर्मा (बी.एड. प्रथम वर्ष), मुकेश कुमार (बी.एड. प्रथम वर्ष), ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, नवनीत कुमार ने रक्तदान किया। शिक्षकों में डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र, अंशुमान सिंह, डॉ. मृत्युजंय कुमार सिंह, डॉ. शिप्रा सिंह, डॉ. शक्ति सिंह, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. अभिषेक सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. राजेश कुमार शुक्ला, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. शक्ति सिंह, डॉ. यशवन्त कुमार राव, प्रदीप कुमार वर्मा, नन्दन शर्मा, वागीश राज पाण्डेय तथा प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव द्वारा रक्तदान किया गया।

## शिक्षक और विद्यार्थियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**आज**
गोरखपुर, बुधवार, २६ अक्तूबर , २०१६

गोरखपुर, २५ अक्तूबर। महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक द्वारा छात्र छात्राओं शिक्षक एवं प्राचार्य सहित ४२ लोगों का रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान करने वालों में प्राचार्य डा. प्रदीप कुमार राव, शिक्षकों में डा. प्रज्ञेश कुमार मिश्र, अंशुमान सिंह, डा. मृत्युंजय कुमार सिंह, डा. शिप्रा सिंह, डा. अविनाश प्रताप सिंह, डा. अभिषेक सिंह, शैलेन्द्र कुमार सिंह, डा. राजेश कुमार शुक्ला, डा. कृष्ण कुमार, डा. शक्ति सिंह, डा. यशवंत कुमार राव, प्रदीप कुमार वर्मा, नन्दन शर्मा, वागीश राज पाण्डेय विद्यार्थियों में अनुपम त्रिपाठी, राहुल गिरी, राहुल दूबे, विजय यादव, विदिशा शर्मा, विभा कुमारी, मयंक तिवारी, राना शिवेन्द्र, सोमनाथ कन्नौजिया, कुंज बिहारी मिश्रा, प्रिया श्रीवास्तवा, आलोक रंजन राय, सूरज तिवारी, अनिल कुमार चौहान, सतीश साहनी, दुर्गेश कुमार, सिद्धार्थ कुमार शुक्ला, कृष्ण मोहन, रिया राव, संगीता वर्मा, संदीप प्रजापति, रोली कुमारी, संजय कुमार, मुकेश कुमार, ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह एवं नवनीत कुमार शामिल रहे। रक्तदान कार्यक्रम में सभी रक्तदाताओं को शुभकामना देते हुए प्राचार्य डा. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्यों में सहभागिता करने वाले नौजवानों का मानव सेवा में अतुलनीय योगदान होता है।

**दैनिक जागरण** गोरखपुर, 26 अक्टूबर 2016

## एमपीपीजी कालेज परिवार ने किया रक्तदान

गोरखपुर : महाराणा प्रताप पीजी कालेज में मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय में आयोजित इस रक्तदान शिविर में कालेज के प्राचार्य, शिक्षक व छात्र-छात्राओं सहित कुल 42 लोगों ने रक्तदान किया। रक्त की महत्ता बताते हुए प्राचार्य डा.प्रदीप राव ने कहा कि यह एक पुनीत कार्य है, जिसमें सहभागिता करने वाले नौजवानों का मानव सेवा में अतुलनीय योगदान होता है।















रक्तदान करते शिक्षक एवं विद्यार्थीगण














रक्तदान करते शिक्षक एवं विद्यार्थीगण














रक्तदान करते शिक्षक एवं विद्यार्थीगण
















रक्तदान करते शिक्षक एवं विद्यार्थीगण

# प्रथम एकदिवसीय शिविर

**13 नवम्बर 2016** को राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत गुरू श्री गोरक्षनाथ एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप इकाई का प्रथम एकदिवसीय शिविर अभिगृहीत गाँव मंझरिया में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस शिविर में ग्रामीण जनता को स्वच्छता और स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जन जागरण किया गया तथा छोटे बच्चों को विद्यालय जाने हेतु प्रेरित करते हुए अभिभावकों से आग्रह किया गया। द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य नियन्ता श्री मृत्युन्जय कुमार, सिंह प्राचीन इतिहास विभाग के प्रभारी श्री सुबोध कुमार मिश्र, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने अपना विचार प्रस्तुत किया।

# सम्पूर्ण साक्षरता कार्यक्रम

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा बी.एड. विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श सांसद ग्राम डांगीपार में सम्पूर्ण साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डांगीमार, सांसद योगी आदित्यनाथ जी द्वारा सांसद आदर्श ग्राम योजना की तर्ज पर चुने गए 21 गाँवों में से एक है। बी.एड. विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती शिप्रा सिंह की देख–रेख में राष्ट्रीय योजना के स्वयंसेवकों एवं बी.एड. विभाग के 50 छात्र/छात्राओं ने 13 नवम्बर से 26 नवम्बर तक सम्पूर्ण साक्षरता कार्यक्रम में डॉगीपार ग्राम के 216 निरक्षर सदस्यों को सम्पूर्ण साक्षर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।






सांसद आदर्श गाँव डाँगीपार में सम्पूर्ण साक्षरता अभियान को पूरा करने के उपरान्त सदर सांसद पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज से प्रमाण पत्र प्राप्त करते स्वयंसेवक श्री अरविन्द कुमार शर्मा












सांसद आदर्श गाँव डाँगीपार में सम्पूर्ण साक्षरता अभियान











सांसद आदर्श गाँव डाँगीपार में सम्पूर्ण साक्षरता अभियान

# विश्व एड्स जागरूकता दिवस



**01 दिसम्बर 2016** को विश्व एड्स जागरूकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों तथा स्वयं सेविकाओं ने अभिगृहित गाव मंझरिया में एड्स के प्रति सतर्कता एवं सुरक्षा के लिए एक जनजागरण रैली निकाली गई। सुरक्षा ही बचाव है कि तखतीयां लिए लोगों जागरूक को करने का कार्य किया। गाँव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को इस घातक बिमारी से सचेत करने का प्रयास किया। रैली के उपरान्त एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सेवकों तथा स्वयं सेविकाओं ने एड्स से बचाव के विभिन्न उपायो (जैसे संक्रमित सुई का प्रयोग न करना, असुरक्षित यौन सम्बन्ध न बनाना यद्यपि) को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने का आहवन किया। स्वयं सेवक अनिल चौहान, ऋषभ शर्मा, दुर्गेश कुमार तथा आशीष उपाध्याय ने अपने विचार प्रस्तुत किये।













विश्व एड्स दिवस पर जन जागरण रैली

# जन जागरण रैली

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक सप्ताह समारोह के उद्घाटन अवसर पर समारोह 04 दिसम्बर 2016 को महानगर में भव्य शोभा यात्रा के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, जल संरक्षण, आतंकवाद, विज्ञान एवं तकनीकी तथा राष्ट्रीयता से सम्बन्धित जनजागरण रैली का आयोजन किया गया, जिसमें परिषद की 40 से अधिक संस्थाओं को हिस्सा लिया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित सभी स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने भी उत्साह से सहभाग किया।

















महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक समारोह के उद्घाटन अवसर पर महानगर में जन जागरण रैली











महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक समारोह के उद्घाटन अवसर पर महानगर में जन जागरण रैली

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

**07 दिसम्बर 2016** को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरू श्री गोरक्षनाथ एवं हिन्दुओं सुर्य महाराणा इकाई के स्वयंसेवक/सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए रक्षा अध्ययन विभाग के प्रवक्ता डॉ. अंशुमान सिंह ने कहा कि भारत की सशस्त्र सेना विश्व की सर्वाधिक शक्तिशाली सेनाओं में अग्रणी है। यह त्याग और बलिदान में अविस्मरणीय है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि आज के युवाओं को सीमा पर सुरक्षा करने वाले सैनिको से प्रेरणा लेनी चाहिए कि वे अपने परिवार, सुख तथा आराम को त्याग कर कैसे देश के लिए चौबीसों घण्टे डटे रहते है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार राव ने कार्यक्रम का संचालन एवं सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# संस्थापक समारोह का मुख्य महोत्सव कार्यक्रम

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक समारोह के मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन **10 दिसम्बर 2016** को गोरक्षनाथ मंदिर में स्थित स्मृति सभागार में सम्पन्न हुआ। इस महोत्सव में राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनो इकाईयों गुरू गोरक्षनाथ तथा हिन्दुआ सुर्य महाराणा प्रताप इकाई के स्वयं सेवको एवं सेविकाओं ने सहभाग किया। महोत्सव के विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रतनलाल हंगलू ने कहा कि आगे बढ़ते भारत के लिए युवाओं की जिम्मेदारी और जवाब देही अत्यधिक बढ़ी है। उन्ही के कन्धो पर देश का भविष्य निर्मित होता है। मुख्य अतिथि केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री डॉ. महेन्द्रनाथ पाण्डेय ने छात्रों को पुरष्कृत करते हुए कहा कि बच्चों का बोझ कम और तनाव कम करना नई शिक्षा नीति की प्राथमिकता है। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के 600 से भी अधिक विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने विभिन्न जिम्मेदारियाँ का निर्वहन किया।

# पं. मदन मोहन मालवीय जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम

**24 दिसम्बर 2016** को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में पं. मदन मोहन मालवीय की जयंती की पूर्व संध्या पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि मालवीय जी भारत के शैक्षणिक जगत के चमकते सितारे थे। उन्होने स्वतंत्रता संग्राम को शिक्षा के माध्यम से नई दिशा प्रदान की थी। देश के युवाओं में राष्ट्रीयता के प्रचार के लिए उन्होंने काशी हिन्दु विश्वविद्यालय की स्थापना की। वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता डॉ. वागीश राज पाण्डेय ने कहा कि मदन मोहन मालवीय आज भी युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। इस व्याख्यान कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता, डॉ. राजेश कुमार शुक्ल, डॉ. आरती सिंह डॉ. मृत्युजंय सिंह, डॉ. अपर्णा मिश्रा, डॉ. प्रज्ञेश मिश्र, डॉ. कृष्ण कुमार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने किया तथा सभी के प्रति आभार भी प्रकट किया।

# महाविद्यालय के आसपास के ग्रामीणों में ऊनी वस्त्रों का वितरण

**04 जनवरी 2017** को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में अधिगृहित गाँव मंझरिया के ग्रामीण गरीबों तथा निशक्तो में ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। महाविद्यालय के शिक्षको, छात्रों के सहयोग से लगभग 116 परिवारों में बच्चों, स्त्रीयों, पुरूषों के लिए ऊनी वस्त्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि सेवा एवं सहयोग के कार्य से व्यक्ति में परोपकार की भावना व्यापक होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि पाठ्यक्रम के अतिरिक्त व्यावहारिक तौर पर मानव सेवा के कार्यो के माध्यम से युवाओं को एक जिम्मेदार नागारिक बनाने का प्रयास सभी शैक्षिक संस्थानों को करना चाहिए। डॉ. यशवन्त कुमार राव ने कहा कि युवाओं में सेवा की भावना को समझने का प्रयत्न मानवता के आधार पर किया जाना चाहिए। मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। अतः जीवन का उद्देश्य दूसरों के दुःख और दर्द को समझना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनो इकाईयों गुरू श्री गोरखनाथ तथा हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप इकाई के स्वयं सेवक तथा स्वयंसेविकाओं ने उत्साह से इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराया।

# कम्बल वितरण कार्यक्रम

**11 जनवरी 2017** को स्वामी विवेकानन्द जयन्ती की पूर्व संध्या पर अभिगृहित गाँव मंझरिया के ग्रामिणों में कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। समाज सेवा के इस आयोजन में बी.एड. विभाग के प्रवक्ता श्रीमती शिप्रा सिंह के नेतृत्व में डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अपर्णा मिश्रा, श्री मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ. यशवंत कुमार राव एवं डॉ. अविनाश प्रताप सिंह सहित स्वंयसेवक एवं स्वयंसेविकाओं में सहभाग किया।



अमर उजाला — गोरखपुर — बृहस्पतिवार, 12 जनवरी 2017 — 5

स्वामी विवेकानंद को किया नमन

जयंती की पूर्व संध्या पर विभिन्न संस्थाओं ने आयोजित किए कार्यक्रम

अमर उजाला ब्यूरो
गोरखपुर।

प्रतिमा की सफाई की

राष्ट्रीय सेवा परिषद के सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

भाजयुमो सदस्यों ने भी स्वामी विवेकानंद को याद किया।

8 | दैनिक जागरण   गोरखपुर, 12 जनवरी 2017

# फिर चीफ वार्डेन बने डा. संजीव गुलाटी

**गोरखपुर:** नागरिक सुरक्षा के चीफ वार्डेन डा. संजीव गुलाटी को नियंत्रक जिलाधिकारी डा संध्या तिवारी ने फिर तीन वर्ष के लिए चीफ वार्डेन बना दिया है। इस पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें डिवीजनल वार्डेन सिविल लाइन अखिलेश कुमार ओझा ने माल्यार्पण व साल ओढ़ाकर डा. गुलाटी को सम्मानित किया। डिवीजनल वार्डेन अखिलेश ओझा, सनातन प्रसाद त्रिपाठी, मनजीत सिंह, आनंद धर द्विवेदी, डा. यशवीर सिंह, रितेश गुप्ता, अवनींद्र, डा. विनय पांडेय, मनोज, राम अवध प्रसाद को सम्मानित किया गया। संचालन ध्यान प्रसाद तिवारी ने किया।

**बुजुर्गों- महिलाओं में बांटे कंबल :** महाराणा प्रताप पीजी कालेज, जंगल धूसड़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में बुधवार को गांव मंझरिया के 40 परिवारों के बुजुर्गों एवं महिलाओं को कंबल प्रदान किए गए।

हिन्दुस्तान
गोरखपुर • गुरुवार • 12 जनवरी 2017

## एमपीपीजी मनाएगा भारत भारती पखवारा

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में विवेकानंद जयंती को भारत भारती पखवारा के रूप में मनाया जाएगा। 12 जनवरी से 26 जनवरी तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

यह जानकारी देते हुए कॉलेज के सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार शुक्ला 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती पर विशिष्ट व्याख्यान होगा। 13 जनवरी को युवाओं में सामाजिक दायित्वबोध विषय पर निबंध प्रतियोगिता, 16 जनवरी को काला धन एवं महंगाई विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, 17 जनवरी को युवा काव्य पाठ प्रतियोगिता, 18 जनवरी को महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि पर विशिष्ट व्याख्यान, 20 जनवरी को गायन प्रतियोगिता, 21 जनवरी को बैडमिंटन प्रतियोगिता, 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस जयंती पर विशिष्ट व्याख्यान, 24 को वॉलीबाल प्रतियोगिता, 25 को रंगोली प्रतियोगिता और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पर पखवारे का समापन किया जाएगा।















अभिगृहीत गाँव मंझरिया के बुजुर्ग नागरिक को कम्बल वितरण करते डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अपर्णा मिश्रा, डॉ. विजय कुमार चौधरी एवं श्री मृत्युन्जय सिंह

# भारत–भारती पखवारा : उद्घाटन कार्यक्रम

## स्वामी विवेकानन्द जयंती समारोह

**12 जनवरी 2017** को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 12 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले भारत–भारती पखवारा का शुभारम्भ स्वामी विवेकानन्द की जयंती समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर इतिहास संकलन समिति गोरखप्रांत के सचिव व नवल्स डिग्री कालेज कुशम्ही, गोरखपुर के प्राचार्य डॉ. ओम जी उपाध्याय ने स्वयं सेवकों तथा सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि धर्म भारत की आत्मा और वेदान्त भारत का जीवन दर्शन है। स्वामी विवेकानन्द जी ने भारतीय धर्म दर्शन की ताकत से विश्व को परिचय कराया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द की स्मृति मात्र से ही युवाओं स्वतः स्फुर्ति की चेतना उत्पन्न हो जाती है। इसके पूर्व सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत में संचालन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने किया तथा आभार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सुश्री दिप्ती गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक सहित स्वयंसेवक/सेविकाएं एव विद्यार्थी उपस्थित रहे।


अमर उजाला
गोरखपुर 6
शुक्रवार, 13 जनवरी 2017

धूमधाम से मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

जागरुकता रैली निकाली गई, 167 स्काउट्स गाइड सम्मानित हुए

जगह-जगह गोष्ठियों का हुआ आयोजन

'स्वामी विवेकानंद का जीवन प्रेरणादायक'

हस्तलिखित पत्रिका का विमोचन किया गया

हिन्दुस्तान
05 • गोरखपुर • शुक्रवार • 13 जनवरी 2017 •

रैलियों व गोष्ठियों में याद किए गए स्वामी विवेकानंद, डीडीयू ने मतदाता जागरूकता पखवारे में रूप में शुरू किया युवा सप्ताह

# युवाओं उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक मत रुको

गोरखपुर | कार्यालय संवाददाता





## युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं स्वामी विवेकानंद



## युवा दिवस पर निकली रैली

## आज डीडीयू भाषण प्रतियोगिता

## पूर्व छात्र सम्मेलन का कार्यक्रम

## पत्रिका का हुआ विमोचन

## जागरूकता रैली निकली

## विश्व के नायक थे विवेकानंद

गोरखपुर, 13 जनवरी 2017 दैनिक जागरण | 5

# ऊर्जा का सकारात्मक इस्तेमाल करें युवा : कुलपति

## दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय में शुरू हुआ युवा सप्ताह, परिसर में स्थापित विवेकानंद प्रतिमा स्थल पर हुआ उद्घाटन
















भारत-भारती पखवारा के उद्घाटन अवसर पर स्वामी विवेकानन्द जयन्ती कार्यक्रम में व्याख्यान देते नवल्स डिग्री कालेज के प्राचार्य डॉ. ओम जी उपाध्याय एवं उपस्थित शिक्षक तथा स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं

# स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर प्रतियोगिता

**12 जनवरी 2017** को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द के जीवन से सम्बन्धित प्रश्नावली के माध्यम से उनके जीवन दर्शन को विद्यार्थियों तक विस्तारित करने के उद्देश्य से परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें 62 विद्यार्थियों ने सहभागिता किया जिसमें दुर्गेश कुमार बी.ए. भाग दो प्रथम स्थान, मनोरमा प्रजापति बी.काम. भाग दो द्वितीय स्थान एवं कुमारी सोनी बी.ए. भाग एक को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।







स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं

# हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता



अमर उजाला
शनिवार, 14 जनवरी 2017

निबंध प्रतियोगिता हुई

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में आयोजित भारत-भारती पखवारा के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'युवाओं में सामाजिक दायित्व बोध' विषय पर हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 40 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा।

**13 जनवरी 2017** को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'युवाओं में सामाजिक दायित्व बोध' विषय पर हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 40 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। आदित्य कुमार गुप्ता (बी.एड. प्रथम वर्ष) को प्रथम ऋषभ कुमार शर्मा (बी.काम. तृतीय वर्ष) को द्वितीय तथा शिखा सिंह (बी.एड. प्रथम वर्ष) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



हिन्दुस्तान
गोरखपुर • शनिवार • 14 जनवरी 2017

भारत भारती पखवारा गणतंत्र दिवस तक

गोरखपुर। स्वामी विवेकानंद जयंती से शुरू हुआ भारत भारती पखवारा एमपी पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में 26 जनवरी तक चलेगा।

पखवारे में दूसरे दिन कॉलेज में युवाओं में सामाजिक सामाजिक दायित्वबोध विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन छात्रों को विवेकानंद की जीवनी से संबंधित पुस्तकों का नि.शुल्क वितरण किया गया। शोध व्याख्यान में 31 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

व्याख्यान प्रतियोगिता

गोरखपुर। एमपी पीजी कॉलेज में शुक्रवार को शोध व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें 31 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि डॉ. अभय नाथ सिंह ने संगठनात्मक प्रतिबद्धता विषय पर अपने विचार रखे।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे समीर पांडेय, दूसरे स्थान पर रही प्रतिभा भारती, तीसरे स्थान पर रही सुष्मिता प्रजापति को पुरस्कृत किया गया। सांत्वना पुरस्कार रीतू सिंह को मिला।







स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं

# गोरखनाथ मन्दिर में सेवा कार्य

गोरक्षनाथ मंदिर में सेवा काय ि– **15 एवं 17 जनवरी 2017** को श्री गोरक्षनाथ मंदिर में खिचड़ी मेला में सुदूर गाँवो से आये हुए श्रद्धालुओं को विर्वाध रूपसे भगवान श्री गोरखनाथ जी का दर्शन कराने एवं खिचड़ी चढ़ाने में प्रातः 7 बजे से सायं 4:00 तक स्वयं सेवक एवं सेविकाओं ने अनवरत सहयोग करते हुए सेवा कार्य किया।















गोरखनाथ मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर सेवा कार्य करते स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं

# पोस्टर प्रतियोगिता

**16 जनवरी 2017** को भारत–भारती पखवारे के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 'नोट बन्दी एवं काला धन' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 89 प्रतियोगितायों में सहभाग किया।

# काव्य पाठ एवं गायन प्रतियोगिता

**17 जनवरी 2017** को राष्ट्रीय सेवा योजना तथा सांस्कृतिक विभाग द्वारा संयुक्त तत्वाधान मं काव्य पाठ एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। काव्यपाठ प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सत्यम वर्मा (एम.काम. प्रथम वर्ष) को तृतीय स्थान प्राप्त  हुआ गायन प्रतियोगिता में कुल 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें आकांक्षा सिंह (एम.एस–सी. प्रथम वर्ष) को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# भाषण प्रतियोगिता

**18 जनवरी 2017** को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'रोजगार परक शिक्षा एवं राष्ट्रीयता' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 23 प्रतियोगियो ने प्रति भाग किया।

# महाराणा प्रताप पुण्यतिथि कार्यक्रम

**19 जनवरी 2017** को हिन्दुओं सूर्य महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि कार्यक्रम का राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयेजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय ने स्वयंसेवको सेविकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय चेतना तथा मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन भर वन–वन भटकने का मार्ग महाराणा प्रताप ने वैसे ही चुना था जैसे श्री राम ने राष्ट्ररक्षा के लिए आतंकवादियों का वध करने के लिए चौदह वर्ष का वनवास चुना था। महाराणा प्रताप ऐसे नायक है जिनका जीवन शौर्य, सम्प्रभुता, स्वतंत्रता व जातिय स्वाभिमान का प्रतिमान था। उनका नाम भारत के शिखर सपूतों में दर्ज है। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जब भी राष्ट पर संकट होगा, स्वधर्म एवं देश का स्वाभिमान खतरे में होगा उस समय महाराणा प्रताप का त्याग एवं बलिदान अमर ज्योति का कार्य करेगी। वरिष्ठ संस्कृताचार्य विद्वान डॉ. श्याम नारायण मिश्र ने महाराणा प्रताप की वीरता और उनके अदम्य साहस से जुड़ी स्वरचित महाकाव्य का सस्वर काव्यपाठ किया। कार्यक्रम में प्रस्ताविकी एवं स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि शिक्षा परिषद का उद्देश्य है कि यहाँ के विद्यार्थी अपने निजी जीवन के साथ–साथ देश और समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी के साथ दायित्व निर्वहन करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने आभार ज्ञापन किया। इससे पूर्व स्वयंसेवकों/सेविकाओं द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत एवं वन्देमातरम के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

सहारा गोरखपुर। शुक्रवार • 20 जनवरी • 2017




महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर एमपीपीजी कालेज जंगल धूसड़ में आयोजित स्मृति व्याख्यान को सम्बोधित करते साहित्यकार डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय।

आज गोरखपुर, शुक्रवार, २० जनवरी, २०१७

# राष्ट्र के प्रति राणा प्रताप का योगदान अप्रतिम-डॉ. वेद प्रकाश

गोरखपुर, १९ जनवरी। जो स्वतंत्र होकर स्वाधीन रहता था उसका नाम था महाराणा प्रताप। स्वाभिमान, राष्ट्राभिमान, आत्मसम्मान, जमीर की रक्षा के लिए जीने-मरने वाले नायक का नाम है महाराणा प्रताप। भारतीय चेतना एवं अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवनभर वन-वन भटकने का मार्ग प्रताप ने वैसे ही चुना जैसे श्रीराम ने राष्ट्र रक्षा में आततायियों का बधक करने के लिए चौदह वर्ष का वनवास चुना था। यह बातें महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में आज महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर आयोजित महाराणा प्रताप स्मृति व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. वेदप्रकाश पाण्डेय ने कही। स्मृति व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए दिग्विजय पीजी कालेज के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारत-भारती पखवारा में स्वामी विवेकानन्द से लेकर महाराणा प्रताप, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और गणतंत्र दिवस तक की यात्रा पूरी करने वाला यह आयोजन भारत और




एमपी पीजी कालेज में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर व्याख्यान

भारतीयता को युवाओं के जीवन में लाने का प्रेरणास्पद प्रयत्न है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप और उनका जीवन भारत की पहचान है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संस्कृत के प्रतिष्ठित विद्वान डॉ. श्यामनारायण मिश्र ने महाराणा प्रताप के जीवन चरित्र से सम्बन्धित स्वरचित महाकाव्य का सस्वर वाचन करते हुए हल्दी घाटी संग्राम में महाराणा प्रताप की वीरता और उनके अदम्य साहस का काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में प्रस्ताविकी एवं स्वागत करते हुए डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा इस संस्था की स्थापना कर उसका संचालन किया जा रहा है, ताकि यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्रा अपने निजी जीवन के साथ-साथ देश और समाज के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी का जिम्मेदारी के साथ दायित्व-निर्वहन कर सकें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. आरएल सिंह, डॉ. शिव कुमार बर्नवाल, डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र, डॉ. अपर्णा मिश्रा, नन्दन शर्मा, सुबोध कुमार मिश्र सहित स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

# मध्यकालीन भारत में स्वाधीन चेतना के नायक थे महाराणा प्रताप : डॉ0 वेद

**महाराणा प्रताप स्मृति व्याख्यान**





स्वतंत्र भारत
महानगर
लखनऊ, शुक्रवार, 20 जनवरी 2017
















हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप पूण्य तिथि समारोह में व्याख्यान देते डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय, डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह एवं काव्यपाठ करते डॉ. श्याम नारायण मिश्र

# डिजिटल बैंकिंग पेमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम

**20 जनवरी 2017** को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वि़त्तीय साक्षरता केन्द्र के सहयोग से डिजिटल बैकिंग पेमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के पूर्व मुख्य प्रबन्धक श्री सुरेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल बैकिंग, कैशलेस नारा नहीं वर्तमान भारत में आर्थिक क्रान्ति का उद्‌बोध है। नगद विहिन अर्थव्यवस्था से भारत भ्रष्टाचार मुक्त बनेगा इससे आतंकवाद और भ्रष्टाचार दोनों नियंत्रित होगा। डिजिटल बैकिंग अत्यन्त सरल सुलभ, सुरक्षित है। मुख्य वक्ता वित्तीय साक्षरता केन्द्र के परामर्शदाता बृजमोहन सिंह ने कहा कि सूचना एवं संचार क्रान्ति के दौर में डिजिटल बैकिंग युगान्तकारी कदम है। कार्यक्रम को बी.आर.डी. पी.जी. कालेज के उपेन्द्र दत्त श्रीवास्तव, ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम को बी.आर.डी. पी.जी. कालेज के संचालन प्राचीन इतिहास विभाग के प्रवक्ता श्री सुबोध मिश्र ने किया तथा आभार राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने ज्ञापित किया।
















डिजिटल बैंकिंग का प्रशिक्षण देते भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारीगण एवं अपनी समस्या रखते शिक्षक एवं विद्यार्थी

# बैडमिण्टन प्रतियोगिता

**21 जनवरी 2017** को राष्ट्रीय सेवा योजना तथा क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में योगी राज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग के फाइनल में शिप्रा शर्मा और प्रिया गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रियंका दूबे तथा किरण साहनी को 21–18, 19–21 तथा 21–16 से पराजित किया। बालक वर्ग के फाइनल मैच में आनन्द गुप्ता और राजन प्रताप सिंह ने शुभम वर्मा और साजिद हुसैन को 21–18, 21–19 से पराजित किया। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग की प्रवक्ता डॉ. अपर्णा मिश्रा ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अध्ययन के साथ–साथ खेल मनुष्य के सर्वांगीण विकास में सहायक है। इस अवसर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. यशवन्त कुमार राव, श्री विरेन्द्र तिवारी, सुबोध मिश्र, श्री नन्दन शर्मा तथा पूर्व स्वयं सेवक श्री आशीष राय सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।











बैडमिण्टन प्रतियोगिता में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं

# द्वितीय एक दिवसीय शिविर

**22 जनवरी 2017** को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाईयों गुरू श्री गोरक्षनाथ एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप ईकाई के संयुक्त तत्वावधान में अभिगृहित गाँव मंझरिया में द्वितीय एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। महाविद्यायल से अभिगृहित गाँव में मतदान जागरूकता के लिए जनजागरण रैली निकाली गई। स्वच्छता अभियान चलाया गया, जल को शुद्ध करने के तरीके बताये गये, मच्छरदानी का प्रयोग बताया गया। स्वयंसेवक/सेविकाएं ने टोली बनाकर घर–घर पहुंचकर मतदान के लिए जागरूक किया। अभिगृहित गाँव से लौटने के बाद महाविद्यालय में बौद्धिक परिचर्या के साथ सांस्कृतिक कार्य आयोजित किया गया, जिसमें अधिकांश स्वयं सेवको/सेविकाओं ने सहभाग किया।












एक दिवसीय शिविर में अभिगृहित गाँव में जनजागरण करते स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं

# मतदाता जागरूकता मशाल

भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा उ.प्र. विधान सभा चुनाव 2017 हेतु मतदाताओं को जागरूकता करने के लिए महाविद्यालयों सहित शिक्षण संस्थाओं में तथा कस्बों और गांवों में मतदान जागरूकता मशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह मशाल 23 जनवरी 2017 को महाविद्यालय में नाटक, भोजपुरी गीत के माध्यम से कार्यक्रम किया। इसमें महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के वालिंटियर भी सहयोगी बने।

सांध्य हिन्दी दैनिक गोरखपुर, सोमवार, 23 जनवरी 2017

## जननायक थे सुभाष चन्द बोस

गोरखपुर,23 जनवरी। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस भारतीय क्षितिज पर चमकते सितारे थें। महात्मा गांधी कहते थे कि राष्ट्र पर न्योछावर होने वालो के वे राजकुमार थे। सुभाष बाबू वास्तव में राष्ट्र नायक थे, जननायक थे। महात्मा गांधी से वैचारिक टकराव का साहस रखने वाले नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का राजनैतिक चिंतन चितरंजन दास से, राष्ट्र दर्शन अरविन्द तो आध्यत्मिक चिंतन परमहंस रामकृष्ण एवं स्वामी विवेकानंद से प्रभावित था। उक्त बातें दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. हिमांशु चतुर्वेदी ने महाराणा प्रताप कॉलेज जंगलधूसड़ में भारत भारती पखवारा के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर आयोजित स्मृति दिवस पर कही। प्रो.चतुर्वेदी ने कहा कि 1995-46 में भारत जब जबर्दस्त साम्प्रदायिकता के गिरफ्तार में था, कम्युनिज्म चरम पर था। नेहरू-जिन्ना मतभेद जगजाहिर था और देश में विभगजन की लकीर खीची जा चुकी थी ऐसे में आजाद हिन्द फौज गिरफ्तार सिपाहियों की पैरवी में नेहरू-जिन्ना एक साथ खड़े हुए, यह सुभाष बाबू की लोकप्रियता ही थी। वैचारिक मतभेद के बावजूद सर्वस्वीकृति थी। महात्मा गांधी ने वर्धा में भावी भारत की तस्वीर कैसी हो? विषय पर जब कुछ चुने हुए लोगों को बुलाया तो वैचारिक मतभेद के बावजूद सुभाष चन्द बोसको भी उन्होंने आमंत्रित किया और बैठक में उपस्थित हुए। वास्तव में सुभाष चन्द बोस भारत के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक दर्शन के प्रतिपादक हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी चुनौतियों का सामना करने का सामर्थ्य महापुरूषों से प्राप्त करें। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस हमेशा से ही युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहें हैं, भारत माँ के वैभव के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा.प्रदीप राव, माध्यकालिन इतिहास के प्रभारी डा.महेन्द्र प्रताप सिंह डा.यशवंत कुमार राव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में डा.विजय कुमार चौधरी डा.अपर्णा मिश्रा, डा.प्रजेश कुमार विनय, नंदन शर्मा, डा.मृत्युंजय कुमार सिंह, सुबोध कुमार मिश्र प्रकाश प्रियदर्शी सहित शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित रहे।



सुभाष चन्द्र जयन्ती कार्यक्रम में मुख्यवक्ता दीन दयाल उपाध्याय गो०वि०वि० प्रो० हिमांशु चतुर्वेदी का सम्मान















मतदाता जगरूकता मशाल कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की टीम एवं महाविद्यालय के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं तथा शिक्षकगण

# नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती समारोह

**23 जनवरी 2017** को भारत भारती पखवारा के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयोजित नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर स्वयंसेवकों/सेविकाओं को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशू चतुर्वेदी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के क्षितिज पर चमकते सितारे थे। वे वास्तव में राष्ट्र नायक थे। महात्मा गांधी से वैचारिक टकराव के बावजूद सुभाश बाबू का राजनैतिक चिन्तन चितरंजन दास से राष्ट्र दर्शन, श्री अरविन्द से तो आध्यात्मिक चिंतन, रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानन्द से प्रभावित था सन् 1945–46 में भारत जब जबर्दस्त साम्प्रदायिकता के गिरफ्त में था, कम्युनिज़्म चरम पर था। नेहरू जिन्ना का मतभेद जगजाहिर था। देश में विभाग की लकीर खींची जा चुकी थी, ऐसे मे आजाद हिन्द फौज के गिरफ्तार सिपाहियों की पैरवी में नेहरू जिन्ना एक साथ खड़ाकर दिया। यह सुभाष चन्द्र बोस की लोकप्रियता ही थी। वास्तव में सुभाष चन्द्र बोस भारत के राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक दर्शन के प्रतिपादक हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी चुनौतियों का सामना करने का सामर्थ्य महापुरूषों से प्राप्त करें। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस हमेशा से ही युवाओं के प्रेरणा श्रोत रहे है। जिन्होंने भारत माँ के वैभव के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव, महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. यशवन्त कुमार राव, डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. मृत्युजंय कुमार सिंह, डॉ. अपर्णा मिश्रा, श्री सुबोध कुमार मिश्र तथा श्री प्रकाश प्रियदर्शी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहें।


हिन्दुस्तान • गोरखपुर • मंगलवार • 24 जनवरी 2017 • 06

जयंती पर गोष्ठियों व सभाओं में याद किए गए सुभाष चंद्र बोस, छात्राओं ने निकाली रैली, लोगों ने किया रक्तदान

नेताजी ने युवाओं में भरा था आजादी का जोश

जयंती पर स्कूलों में आयोजित हुए कई कार्यक्रम
















नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के अवसर पर व्याख्यान देते प्रो. हिमांशु चतुर्वेदी, प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थीगण

# तृतीय एकदिवसीय शिविर

**24 जनवरी 2017** को गुरू श्री गोरखनाथ एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप इकाई का संयुक्त एक दिवसीय शिविर अभिगृहित गाँव मंझरिया में आयोजित किया गया नालियों की साफ–सफाई, स्वच्छता से बीमारियों से सुरक्षा, साक्षरता अभियान, मतदाता जागरूकता के लिए स्वयंसेवको एवं सेविकाओं द्वारा जन जागरण रैली निकाली गयी। जिससे ग्रामवासी अधिक से अधिक मतदान में हिस्सा लें और अपने राजनीतिक भविष्य को संवारे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**25 जनवरी 2017** को राजनीतिशास्त्र विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। स्वयंसेवको एवं सेविकाओं को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के राजनीतिशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदान लोकतांत्रिक प्रक्रिया का आधार स्तम्भ है। जागरूक मतदाता राजनीतिक व्यवस्था की रीढ़ होते है। व्यापक जनसहभागिता ही मजबूत और सशक्त लोकतंत्र का मार्ग तैयार करती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनसहभागिता की अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा माध्यम होता है। चुनाव के द्वारा ही शासन प्रशासन में जनता अपनी इच्छा और सहमति अभिव्यक्त करती है। इस दृष्टि से लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था में मतदाता और मतदान का अत्यधिक महत्व है। मतदान लोकतंत्र की आत्मा है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया और आभार कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव ने किया।


न्यूज़ फॉक्स
गोरखपुर, गुरुवार, 26 जनवरी 2017

**मतदान लोकतंत्र की आत्मा : प्रो.राजेश**

जंगल धूसड़। यहां महाराणा प्रताप पीजी कालेज में भारत भारती पखवारा के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में लोकतंत्र में मतदानाधिकार का मूल्य विषय पर राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित हुआ। इस अवसर पर पं. दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार ने कहा कि मतदान लोकतांत्रिक प्रक्रिया का आधार स्तम्भ है। जागरूक मतदाता राजनीतिक व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। व्यापक जन भागीदारी ही मजबूत और सशक्त लोकतंत्र का मार्ग तैयार करती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनसहभागिता की अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा माध्यम चुनाव होता है। चुनाव के द्वारा ही शासन-प्रशासन निर्माण में जनता अपनी इच्छा और सहमति अभिव्यक्त करती है। इस दृष्टि से लोकतांत्रिक राजनीति व्यवस्था में मतदाता और मतदान का अत्यधिक महत्व है। मतदान लोकतंत्र की आत्मा है। कार्यक्रम का संचालन राजनीतिशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डा. अविनाश प्रताप सिंह, स्वागत डा. कृष्ण कुमार एवं आभार डा. यशवंत कुमार राव ने किया।


आज — गोरखपुर, गुरुवार २६ जनवरी, २०१७

**मतदान लोकतंत्र का आधार–प्रो.सिंह**

गोरखपुर,२५ जनवरी। महाराणा प्रताप पीजी कालिज जंगलधूसड़ में भारत भारती पखवारा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों के श्रृंखला में लोकतंत्र में मतदाताधिकार का मूल्य विषय पर राजनीति विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विशिष्ट व्याख्यान पर बोलते हुए दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार सिंह ने कहा। मतदान लोकतांत्रिक प्रक्रिया का आधार स्तम्भ है। जागरूक मतदाता राजनीतिक व्यवस्था की रीढ़ होते है। व्यापक जन भागीदारी ही मजबूत और सशक्त लोकतंत्र का मार्ग निर्माण करेगी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनसहभागिता की अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा माध्यम चुनाव होता है। चुनाव के द्वारा ही शासन-प्रशासन निर्माण में जनता अपनी इच्छा और सहमति अभिव्यक्त करती है। इस दृष्टि से लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था में मतदाता और मतदान का अत्यधिक महत्व है। मतदान लोकतंत्र की आत्मा है। संचालन राजनीतिशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डा.अविनाश प्रताप सिंह स्वागत डा.कृष्ण कुमार एवं आभार डा.यशवंत कुमार राव ने किया।

अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में भगवान दत्त महिला महाविद्यालय चौरीचौरा की अंग्रेजी विभाग की प्रवक्ता डा.निलिमा दुबे ने मॉडर्निज्म विषय पर बोलते हुए कहा कि आधुनिक युग को सन् १८९० से समझने के लिए विक्टोरिया काल को समझना महत्वपूर्ण है। हम कह सकते है कि १९वीं शताब्दी के मध्यकाल में जब प्रथम विश्वयुद्ध की शुरूआत हुई उस समय असंतोष उभर रहा था लोग शांति स्थापित करना चाहते थे। कि आधुनिक लेखकों ने इस प्रकार हम लेखन के माध्यम से असंतोष की भावना को प्रदर्शित किया है उस समय में आध्यात्मिक ... कुंठित मानसिकता थी। गृह विज्ञान विभाग द्वारा पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन को किया गया। प्रतियोगिता में कुल २० प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान चंदा गुप्ता को द्वितीय स्थान पुष्पा निषाद एवं तृतीय स्थान खुशबू त्रिपाठी तथा सांत्वना पुरस्कार अनामिका सिन्हा को प्रदान कियागया। कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक विभाग के द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में २१ प्रतिभागी सम्मिलित हुए जिसमें बीएड प्रथम वर्ष की प्रिया एवं स्वाती स्थान बीएड भाग तीन अंजली प्रजापति एवं राधिका द्वितीय स्थान एवं बीए भाग दो गरिमा जायसवाल तृतीय स्थान पर रहे।

**केन्द्र सरकार का पुतला फूंका**

गोरखपुर, २५ जनवरी। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालयके छात्रोंने आज जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालयमें पीएचडी एवं एमफिलमें प्रवेश साक्षात्कारके माध्यम से किये जानेके विरोधमें केन्द्र सरकारका पुतला फूंका। इस अवसर पर छात्रसंघ अध्यक्ष अमन यादव,डा. हितेश सिंह, सत्येन्द्र भारती,भास्कर चौधरी,आलिन्द, मनोज राव,दिवाकर,पंकज सिंह, कु. लदीप, नमन, विद्या निषाद,मनीष यादव,नीतेश कुमार आदि उपस्थित रहे।














राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उद्‌बोधन देते प्रो. राजेश कुमार सिंह एवं उपस्थित स्वयंसेवक / स्वयंसेविकाएं

# भारत भारती पखवारा : समापन समारोह

## गणतंत्र दिवस समारोह

**26 जनवरी 2017** को उत्साहपूर्वक गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रातः 9:15 बजे ध्वाजारोहण के पश्चात् राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के साथ समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के डी.ए.वी. कालेज के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व आचार्य श्री राजकुमार भाटिया जी ने अपना उत्प्रेरक उद्बोधन दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री श्री कमलनयन जी भी सम्मिलित हुए। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव के अध्यक्षीय उदबोधन के साथ भारत भारती पखवारे का समापन हुआ। इस अवसर पर भारत भारती पखवारा के अन्तर्गत सम्पन्न विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागीयों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. यशवन्त कुमार राव तथा स्वयं सेवकों/सेविकाओं ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये।















भारत-भारती पखवारा समापन कार्यक्रम एवं गणतंत्र दिवस समारोह को सम्बोधित करते श्री राजकुमार भाटिया उपस्थित प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थीगण












भारत-भारती पखवारा समापन कार्यक्रम एवं गणतंत्र दिवस समारोह को सम्बोधित करते डॉ. प्रदीप कुमार राव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र/छात्राएं















गणतंत्र दिवस समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी तथा भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागीगण एवं उपस्थित विद्यार्थी एवं शिक्षक

# सात दिवसीय विशेष शिविर

**02 से 08 फरवरी 2017** को राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत संचालित गुरू श्री गोरक्षनाथ एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप इकाई का सात दिवसीय (दिन–रात) विशेष शिविर संयुक्त रूप से अभिगृहित गाँव मंझरिया, जंगल धूसड़, गोरखपुर में सम्पन्न हुआ। इस शिविर में कुल दोनों इकाईयों के कुल 81 स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने सहभागीता किया।02 फरवरी से 08 फरवरी तक शिविर के प्रमुख कार्यक्रम निम्नलिखित है :–

## उद्‌घाटन समारोह : 02 फरवरी 2017

**02 फरवरी 2017** को सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्‌घाटन कार्यक्रम अभिगृहित गाँव मंझरिया, जंगल धूसड़ में अपराहन 12:30 बजे सम्पन्न हुआ। उद्‌घाटन समारोह के मुख्य अतिथि दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर राजनीतिशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रम का कोई विकल्प नहीं और सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। राष्ट्रीय सेवा योजना जीवन में श्रम–सेवा को साधने का मंत्र है। यह युवाओं में श्रम और सेवा की माध्यम से राष्ट्रीयता का भाव जगाती हो जाता है। इससे जुड़ने वाला छात्र संकट में भी रास्ता निकालकर आगे बढ़ाने में समर्थ हो जाता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।

यदि मतदान के प्रति हर नागरिक सजग, संवेदनशील और सतर्क हो जाय तो लोकतंत्र और भी मजबूत हो जायेगा। विशिष्ट अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गो.वि.वि. गोरखपुर राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. अजय कुमार शुक्ल ने अपने सम्बोधन में कहा कि श्रम युवा की शोभा है और सेवा उसकी ताकत। युवा जब भी मचलता है, देश समाज की दिशा बदल जाती है। भावी भारत की तस्वीर बनाने वाला नौजवान राष्ट्रीय सेवा योजना की पाठशाला में सांस्कृतिक एवं अनुशासित होकर नये भारत के निर्माण में आगे बढ़ रहा है। छात्र इस शिविर से जितना तपेंगे उतना ही निखरेंगे। उन्होने शिविरार्थियो से अपील की कि वे मंझरिया गाँव के सभी मतदाताओं को बूथ तक जाकर मतदान के लिए प्रेरित करें। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव मे शिविरार्थियों से आग्रह किया कि वे 04 मार्च को मंझरिया गांव का शत–प्रतिशत मतदान करायें। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह एवं आभार ज्ञापन डॉ. यशवन्त कुमार राव ने किया। इससे पूर्व सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत, राष्ट्रीय सेवा योजना गीत तथा राष्ट्रगीत के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रवीन्द्र शाही, डॉ. मृत्युजंय सिंह, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. राजेश कुमार शुक्ल, डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी, सुश्री अपर्णा मिश्रा, मनीता सिंह, श्रीमती कविता मान्ध्यान, डॉ. सुभाष गुप्ता, डॉ. प्रज्ञेश मिश्र तथा पूर्व स्वयं सेवक आशीष राय उपस्थित थे।


दैनिक जागरण गोरखपुर, 3 फरवरी 2017

राष्ट्रीयता सिखाती है एनएसएस

**स्वतंत्र भारत** लखनऊ, शुक्रवार, 3 फरवरी 2017

# श्रम का कोई विकल्प नहीं सेवा से बड़ा धर्म नहीं : प्रो0 श्री प्रकाश




गोरखपुर। श्रम का कोई विकल्प नही है। सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है। राष्ट्रीय सेवा योजना जीवन मे श्रम-सेवा को साधने के मंत्र का ही नाम है। भारत सरकार की एक ऐसी अद्वितीय योजना जो युवाओ मे श्रम और सेवा के माध्यम से राष्ट्रीयता का पाठ पढ़ाती है, उसी का नाम राष्ट्रीय सेवा योजना है। उक्त बातें महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़ के. राष्ट्रीय सेवा योजना की सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के राजनीतिशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो0 श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी ने कही।

मंझरिया गाँव मे राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थी स्वयं सेवक-स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित करते हुए प्रो0 श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी ने आगे कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है। यदि मतदान के प्रति हर नागरिक सजग, संवेदनशील और सचेष्ट हो जाय तो हमारे लोकतन्त्र की खुबसूरती में चार चाँद लग जाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा वर्तमान वर्ष मे मतदान जागरूकता का जो यशस्वी अभियान चल रहा है, वह शिविर भी उस अभियान को भी लक्ष्य बनाकर कार्य करे। इस अवसर पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो0 अजय कुमार शुक्ल ने कहा कि श्रम युवा की शोभा है और सेवा उसकी ताकत। युवा जब भी मचलता है देश-समाज की दिशा बदल जाती है। भावी भारत की तस्वीर बनाने वाला नौजवान राष्ट्रीय सेवा योजना की पाठशाला में सुसंस्कृत एवं अनुशासित होकर एक नए भारत की रचना में आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना ने अनेक मील के पत्थर स्थापित किए है। आप इस शिविर मे जितना तपेंगे उतना निखरेंगे। साप्ताहिक शिविर से तपकर गाँव और ग्रामवासियों का अपना बनकर शिविर सम्पन्न करें, वही सफलता है। मंझरिया गाँव के सभी मतदाता बूथ तक पहुंचे यह जागृति करने में आप सफल हों, यह महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थी संकल्प ले कि चार मार्च को मंझरिया गाँव का शत-प्रतिशत मतदान सम्पन्न करायेंगे। हम स्वास्थ्य, शिक्षा, समरसता, राष्ट्रीयता, भारतीय संस्कृति के प्रति सभी को जागरूक करें। विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला पंचायत सदस्य श्री इन्द्रजीत चौहान उपस्थित थे। संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह ने तथा आभार कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 यशवन्त राव ने किया। इस अवसर पर डॉ0 मृत्युंजय सिंह, श्री प्रकाश प्रियदर्शी, डॉ0 प्रवीन्द्र कुमार, डॉ0 कृष्ण कुमार पाठक, डॉ0 कविता मन्ध्यान, डॉ0 अपर्णा मिश्रा, सुश्री मनीता सिंह, डॉ0 राजेश शुक्ल, डॉ0 सुभाष गुप्ता, श्री आशीष राज पाण्डेय, श्री आशीष राय, श्री राहुल गिरि सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**हिन्दुस्तान** गोरखपुर • शुक्रवार • 03 फरवरी 2017




गुरुवार को एमपीएस महाविद्यालय जंगल धूसड़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शविर में मौजूद छात्रों को सम्बोधित करते शिक्षक व मंचासीन अतिथि।

# श्रम सेवा को साधने के मंत्र का नाम है राष्ट्रीय सेवा योजना

गोरखपुर | निज संवाददाता

श्रम का कोई विकल्प नहीं और सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। राष्ट्रीय सेवा योजना जीवन में श्रम सेवा को साधने के मंत्र का ही नाम है। भारत सरकार की यह ऐसी योजना है जो युवाओं में श्रम और सेवा के माध्यम से राष्ट्रीयता का पाठ पढ़ाती है। अपना देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। मतदान के लिए हर नागरिक सजग, संवेदनशील हो जाए तो लोकतंत्र की खूबसूरती और बढ़ जाएगी।

उक्त बातें डीडीयू के राजनीतिशास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी ने गुरुवार को महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में शुरू हुई सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के अवसर पर कही। श्री त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा इस समय मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह शिविर भी उसी अभियान को लक्ष्य बनाकर कार्य करे।























सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन अवसर पर रा.से.यो. समन्वयक प्रो. अजय कुमार शुक्ला एवं राजनीति शास्त्र के पूर्व अध्यक्ष प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी

**03 फरवरी 2017** को सप्तदिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन प्रातः योगभ्यास एवं जूडो कराटे प्रशिक्षण के उपरान्त अभिगृहित गांव मंझरिया, जंगल धूसड़ से भट्ठा चौराहा तक सड़क की मरम्मत एवं साफ–सफाई की गयी। शिविर के शिवीरार्थियों की अलग–अलग 12 टोलियों में निर्धारित क्षेत्रों में श्रमदान किया गया। स्वयं सेवकों/सेविकाओं ने मार्ग के आस–पास रह रहे परिवार के लोगों से मार्ग को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. यशवन्त कुमार राव एवं मुख्य नियंता, डॉ. मृत्युजंय सिंह ने भी श्रमदान कर सहयोग किया। सायं सत्र में बौद्धिक परिचर्चा में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सामुदायिक विकास के लिए सेवा की भावना को आत्मसात करने की आवश्यकता है, व्यक्ति का जीवन दूसरों की सहायता करने, भावनाओं को समझते हुए आदर करने, असहायों, निशक्तों और बुजुर्गों की सेवा करने पर बल दिया, यही शिविर में एकता के लिए लोगों को प्रेरित करना शिविरार्थियों का लक्ष्य होना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार राव ने किया तथा आभार ज्ञापन पूर्व स्वयंसेवक श्री आशीष कुमार राय ने किया।

आज गोरखपुर, शनिवार, ४ फरवरी, २०१७

## स्वयंसेवकों ने की सड़क की मरम्मत व साफ–सफाई

गोरखपुर, ३ फरवरी। महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़ में गुरू श्री गोरक्षनाथ इकाई एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप इकाई का सयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन अभिगृहित गांव मझंरियां से भट्टा चौराहा तक सड़क की मरम्मत एवं साफ सफाई की गयी। शिविर के स्वयं सेवकों एवं स्वयसेविका की अलग–अलग कुल 12 टोलियों में निर्धारित क्षेत्रों में श्रमदान किया गया। स्वयं सेवकों ने मार्ग के अगल बगल रह रहे परिवार के लोगो से मार्ग की साफ सफाई रखने और उसके लाभ हेतु प्ररित किया। स्वयं–सफाइ में हिस्सेदारी कर श्रमदान किये। इस अवसर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह एवं डॉ. यशवंत कुमार राव तथा मुख्य नियंता डॉ. मृत्युजंय कुमार सिह ने भी श्रमदान क. इस अभियान में सहयोग किया।









सात दिवसीय शिविर में जूड़ो एवं कराटे का प्रशिक्षण प्राप्त करते स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं

**04 फरवरी 2017** को सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन प्रातः सत्र में योग, व्यायाम जूडो कराटे प्रशिक्षण तथा श्रमदान के साथ प्रारम्भ हुआ। द्वितीय सत्र के बौद्धिक सत्र में किसान पी.जी. कालेज सेवरही, कुशीनगर के पूर्व प्राचार्य एवं प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय जी ने 'व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका' विषय पर सम्बोधित करते हुए कहा की भारतीय जीवन पद्धति में व्यक्तित्व विकास के सभी मूलमंत्र समाहित है।

यह व्यक्तित्व के सभी पक्षों को निखारने की ताकत समेटे हुए है। भारत की पूरी सामाजिक व्यवस्था हमें निरंतर संवेदनशील बनने को प्रेरणा देती रहती है। उन्होने कहा कि युवाओं को भारत के संस्कार और परंपरा को अपनाना चाहिए। संस्कार व्यक्तित्व में चमक पैदा करता है। व्यक्तित्व विकास में विनम्रता का विशेष महत्व है। युवाओं को किताबी ज्ञान के साथ–साथ इन मूल्यों को भी अभ्यास मे लाना चाहिए। इस अवसर पर छत्रपति साहूजी महराज कानपुर विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. ए.वी. कालेज कानपुर के डॉ. योगेन्द्र प्रभारी सिंह ने भी शिवीरार्थियों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया तथा आभार पूर्व स्वयंसेवक आशीष राय ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य नियंता डॉ. मृत्युजंय सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवन्त कुमार राव एवं इतिहास विभाग के असि. प्रोफेसर डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह सहित सभी शिविरार्थी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सहारा 5 फरवरी • 2017

## रासेयो स्वयंसेवकों ने की गांव की सफाई

गोरखपुर (एसएनबी)। महाराणा प्र
स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालेज, जंग
धूसड़ मे गुरु श्री गोरक्षनाथ इकाई एवं म
महाराणा प्रताप इकाई का संयुक्त
दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे
स्वयंसेवकों द्वारा अभिगृहित गांव मंड
से भट्ठा चौराहे तक सड़क की मरम
सफाई की गई।
शिविर में स्वयं सेवकों एव
सेविकाओं की अलग-अलग कु
टोलियों में निर्धारित क्षेत्रों में श्रमदान
गया। स्वयंसेवकों ने मार्ग के अगल
रह रहे परिवार के लोगों से मार्ग की
सफाई रखने को प्रेरित किया। इस अ
कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश
सिंह व डॉ. यशवंत कुमार राव व
नियंता डॉ. मृत्युजंय कुमार सिंह ने
श्रमदान कर अभियान में सहयोग किया

सांध्य हिन्दी दैनिक — गोरखपुर, रविवार,5 फरवरी 2017

## संस्कार व्यक्तित्व में पैदा करता है चमक- डा. वेद प्रकाश



हिन्दुस्तान • गोरखपुर • रविवार • 05 फरवरी 2017

## भारतीय जीवन पद्धति में मूलमंत्र

गोरखपुर। भारतीय जीवन पद्धति में व्यक्तित्व विकास के सभी मूलमंत्र समाहित हैं। यह व्यक्तित्व के सभी पक्षों को निखारने की ताकत समेटे हुए है। भारत की पूरी सामाजिक व्यवस्था हमें निरन्तर संवेदनशील बनने की प्रेरणा देती है।

ये बातें किसान पीजी कालेज सेवरही के पूर्व प्राचार्य डॉ. वेद प्रकाश पाण्डेय ने एमपी पीजी कालेज जंगल धूसड़ के राष्ट्रीय सेवा योजना की गुरु गोरक्षनाथ इकाई एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विशेष शिविर में कहीं।



अमर उजाला गोरखपुर रविवार, 5 फरवरी 2017

# 'व्यक्तित्व ही विकास का मूलमंत्र'

## महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में विशेष शिविर का किया गया आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर।

महाराणा प्रताप पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के गुरु गोरक्षनाथ इकाई एवं सूर्य महाराणा प्रताप इकाई की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है।

शिविर के तीसरे दिन बौद्धिक सत्र में किसान पीजी कॉलेज सेवरही के पूर्व प्राचार्य डॉ. वेद प्रकाश पांडेय ने कहा कि भारतीय जीवन पद्धति में व्यक्तित्व विकास के सभी मूलमंत्र

### स्वयंसेवकों से भारतीय जीवन पद्धति अपनाने को कहा

समाहित हैं। यह व्यक्तित्व के सभी पक्षों को निखारने की ताकत समेटे हुए है। भारत की पूरी सामाजिक व्यवस्था हमें निरंतर संवेदनशील बनने की प्रेरणा देती रहती है। आज बड़े व्यक्तित्व की निरंतर कमी होती जा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को भारत के संस्कार, परंपरा को अपनाना चाहिए। संस्कार व्यक्तित्व में चमक पैदा करता है। व्यक्ति विकास में विनम्रता का विशेष है। युवा को किताबी ज्ञान के स मूल्यों को भी अभ्यास में चाहिए।

इस मौके पर कानपुर यूनि के पत्रकारिता विभाग के डॉ. सिंह, डीएवी कॉलेज कानपुर योगेंद्र प्रताप सिंह, प्राचार्य डॉ. कुमार राव, मुख्य नियंता डॉ. मृ कुमार सिंह, डॉ. यशवंत कुमा डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ प्रताप सिंह सहित स्वयंसेव स्वयंसेविकायें मौजूद थे।



राष्ट्रीय सहारा गोरखपुर। रविवार • 5 फरवरी • 2017

# भारतीय जीवन पद्धति में व्यक्तित्व विकास के सभी मंत्र समाहित

एमपी पीजी कालेज में सातवीं शिविर









सात दिवसीय शिविर के बौद्धिक सत्र में व्याख्यान देते डॉ. वेदप्रकाश पाण्डेय एवं व्यायाम करते शिविरार्थी









शिविर के प्रात: एवं सायं सत्र में व्यायाम का प्रशिक्षण तथा गाँव में मतदान जागरूकता करते स्वयंसेवक

**05 फरवरी 2017** को सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन व्यायाम, सूर्य नमस्कार और कराटे प्रशिक्षण के साथ–साथ श्रमदान से प्रातः सत्र प्रारम्भ हुआ। द्वितीय सत्र के बौद्धिक सत्र में भटवली पी. जी. कालेज के रक्षा एवं स्ट्रेटजिक अध्ययन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बलवान सिंह ने शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत की योग परम्परा अत्यन्त सुदीर्घ एवं जन कल्याणकारी है। योग मनुष्य को दिव्यता के उच्च सोपान पर ले जाता है। जब मन स्थिर होता है तो असीम चेतना की प्राप्त करता है। उन्होने जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज मनुष्य की अव्यवस्थित दिनचर्या अनेक प्रकार के शारीरिक एवं मानसिक रोगो की आमंत्रित करती ह। मधुमेह, उच्चरक्तचाप, अवसाद, अनिद्रा, गठिया, जुकाम, खाँसी, जैसे शारीरिक व्याधियां योग के माध्यम से दूर हो सकती है। प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह प्रातः काल कुछ समय योगक्रिया में व्यतीत कर स्वस्थ तथा निरोगी जीवन का आनन्द उठायें। आज सम्पूर्ण विश्व ने भारत की योग साधना की ताकत को स्वीकार करके योग का वैश्विक स्वरूप प्रदान किया है। प्रो. बलवान सिंह जी ने स्वयंसेवकों/सेविकाओं को योग के गुर भी सिखाए। इसके पश्चात सभी शिविरार्थियों ने अभिगृहित गांव मंझरिया से महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज तक के मार्ग की साफ–सफाई कर श्रमदान करते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता किया। स्वच्छता कार्य में मुख्य नियंता डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार राव ने सहयोग किया। इस अवसर पर प्राचीन इतिहास विभाग के असि.प्रो. श्री सुबोध कुमार मिश्र जी भी उपस्थित थे।


हिन्दुस्तान
गोरखपुर • सोमवार • 06 फरवरी 2017

निरोग रहने के लिए रोज करें योग


स्वतंत्र भारत गोरखपुर सोमवार, 6 फरवरी 2017

जन कल्याणकारी है भारत की योग परम्परा : प्रो0 बलवान

राष्ट्रीय सहारा — गोरखपुर । सोमवार • 6 फरवरी • 2017

# योग परंपरा सुदीर्घ व कल्याणकारी

■ गोरखपुर।

सहारा न्यूज ब्यूरो

भारत की योग परंपरा अत्यन्त सुदीर्घ व जनकल्याणकारी है। योग से व्यक्ति स्वस्थ काया एवं स्थिर चित्त का अधिकारी बनता है। योग मनुष्य को दिव्यता के उच्च सोपान पर ले जाता है। योग मन को शांति में स्थिर करता है। योगासन इन्द्रियों की बहिर्मुखी वृत्ति को अभ्यास पूर्वक अन्तर्मुखी बनाती है।

यह बातें भटवली डिग्री कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डा. बलवान सिंह ने कहीं। वह महाराणा प्रताप पीजी कालेज, जंगल धूसड़ की रासेयो इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सप्तदिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन के बौद्धिक सत्र में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने जीवन में योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में मनुष्य की अव्यवस्थित दिनचर्याअनेक प्रकार के

**एमपी पीजी कालेज में रासेयो शिविर**

शारीरिक एवं मानसिक रोगों को आमंत्रित करती है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अवसाद, अनिद्रा, गठिया, नजला, जुकाम, खाँसी आदि शारीरिक व्याधियाँ योग के माध्यम से दूर हो सकती हैं। है। इससे पूर्व प्रातः सत्र में स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं को अन्तर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी आदित्य जायसवाल एवं सुमित नेआत्मरक्षा की तकनीकी का प्रशिक्षण दिया। विशेष रूप से छात्राओं के लिए यह प्रशिक्षण वर्तमानपरिदृश्य में उपयोगी है। इसके बाद रासेयो स्वयंसेवकों ने ग्राम-मंझरिया से महाराणा प्रताप महाविद्यालय तक के मार्ग की साफ-सफाईकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव, मुख्य नियंता डा. मृत्युन्जय कुमार सिंह, डॉ यशवन्त कुमार राव, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, सुबोध कुमार मिश्र आदि मौजूद थे।










सात दिवसीय शिविर के बौद्धिक सत्र में योग-व्यायाम पर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण कराते डॉ. बलवान सिंह











सायं सत्र में ताइक्वांडों का प्रशिक्षण लेते स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं












सात दिवसीय शिविर में श्रमदान करते स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं

**06 फरवरी 2017** को शिविर के पांचवे दिन प्रातः व्यायाम के पश्चात् अभिगृहित गांव मंझरिया मं स्वच्छता, साक्षरता, स्वास्थय, पर्यावरण, नशाउन्मूलन, महिला स्वावलम्बन एवं सरकारी लाभ की योजनाओ के जागरूकता उत्पन्न करने के लिए जनजागरण रैली का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के ललित कला विभाग के ऐसोसिएट प्रोफेसर उमेन्द्र सिंह ने ''जीवन में कला का महत्व'' विषय पर सम्बोधन करते हुए कहा कि विचार की सुन्दरता ही कला है। कला के द्वारा आचरण व्यवहार तथा संस्कार को और सुंदर बनाया जा सकता है। कला हमेशा संस्कृति के अनुसार रहना सिखाती है। कला व्यक्ति की पहचान बनाती हैं। कला और सुन्दर बनाया जा सकता है। कला में ही जीवन है और जीवन एक कला है। प्रत्येक व्यक्ति कलाकार है। युवाओं में कला सम्भावना और भी प्रभावी बन सकती है। इस अवसर पर दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज गोरखपुर के बी.एड. विभाग के ऐसोसिएट प्रोफेसर एवं अखिल विद्यार्थी परिषद के प्रदेश महामंत्री डॉ. राजशरण शाही में ''बदलता युवा बढ़ता भारत'' विषय पर बोलते हुए कहा कि युवाओं के हाथ में भारत का भविष्य है। युवा समाज का निर्माता भी है और अपने त्याग की ताकत से परिवर्तन का कारक भी है। आज परिचय के लोग भारत के युवाओं की ओर देख रहें है। भारत का युवा न केवल भारत का भविष्य संवार रहा हैं बल्कि वह विश्व भविष्य भी है। युवा में असीम ऊर्जा होती है। दुनिया को अपनी मुट्ठी में करने की क्षमता उसके पास है। आज भारत का युवा विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होने कहा कि यूरोप भी भारत के संचार क्रान्ति में युवाओं का लोहा मान चुके है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया और आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार राव ने किया। इस अवसर पर सभी शिविरार्थियों सहित मुख्य नियंता डॉ. मृत्युजंय सिह उपस्थित थे।

स्वतंत्र चेतना
गोरखपुर,मंगलवार 07 फरवरी 2017 3

## कला से ही व्यक्ति की पहचान : डा. उपेन्द्र



अमर उजाला
गोरखपुर
मंगलवार, 7 फरवरी 2017

## 'प्रकृति के अनुसार जीना सिखाती हैं कला'

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर।

महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ के राष्ट्रीय सेवा सेवा योजना की ओर से आयोजित विशेष शिविर के पांचवें दिन बौद्धिक सत्र को विद्यार्थियों को जीवन में कला के महत्व की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के ललित कला

### प्रोफेसर डॉ. उमेंद्र सिंह ने एनएसएस शिवर में कहा

विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उमेंद्र सिंह ने 'जीवन में कला' विषय पर व्याख्यान में कहा कि विचार की सुंदरता बड़ी कला है। कला के द्वारा आचरण व्यवहार तथा संस्कार को और सुंदर बनाया जा सकता है। कला के द्वारा न केवल भौतिक आवरण को सुंदर बनाया जा सकता बल्कि मन की सुंदरता को और निखारा जा सकता है। कला में ही जीवन है और जीवन एक कला है। प्रत्येक व्यक्ति कलाकार है। युवाओं में यह संभावना और भी प्रभावी बन सकती है। डॉ. राजशरण शाही, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. यशवंत कुमार राव, डॉ. मृत्युजंय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक **न्यूज़ फॉक्स** अंचल की आवाज गोरखपुर, मंगलवार, 7 फरवरी 2017




स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए डा. राजशरण शाही और मंचासीन डा. उमेन्द्र सिंह। न्यूज़ फोटो

# 'कला से और सुघड़ होता है संस्कार'

## युवा वर्ग बदलाव का वाहक : डा. राजशरण शाही

**न्यूज़ फॉक्स**

जंगल धूसड़। महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन बौद्धिक सत्र में "जीवन में कला के महत्व" विषय पर अपनी बात रखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ललित कला विभाग के एसोसिएट प्रो. डा. उमेन्द्र सिंह ने कहा कि विचार की सुन्दरता बड़ी कला है। कला से आचरण व्यवहार तथा संस्कार को और सुन्दर बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि कला केवल भौतिक आवरण ही सुन्दर नहीं बनाती बल्कि मन की सुन्दरता भी निखारती है। कला हमेशा प्रकृति के अनुसार रहना सिखाती है। कला से ही व्यक्ति की पहचान बनाती है। कला में ही जीवन है और जीवन एक कला है।

प्रत्येक व्यक्ति कलाकार है। युवाओं में यह सम्भावना और भी प्रभावी बन सकती है।

